
# परमेश्वर के हथियार





## शिक्षक पुस्तिका

शिक्षक पुस्तिका

# परमेश्वर के हथियार

## हर उम्र के लिए शिक्षक पुस्तिका




**"बच्चें महत्वपूर्ण है" की ओर से सन्डे स्कूल कार्यक्रम**

**Web: www.ChildrenAreImportant.com/armour/**


## पूरे "बच्चे महत्वपूर्ण हैं" टीम को हार्दिक धन्यवाद!

मुख्य संपादक: क्रिस्टीना क्रॉस

रचनात्मक टीम: एब्रिल पालैसियो कैमाचो, एरेली ज्यूरियल सालिनास सांचेज, ड्वाइट क्रॉस, जैकब कुरुविला, जेनिफर सेंचेज नीटो, जूलियो सेंचेज नीटो, माइक कंगास, मोनसेराट ड्यूरन डिआज, रूबैन डारियो, सुकी कांगस, वेरोनिका टोज और विक्की कंगास।

इस कार्यक्रम में मजेदार संगीत के लिए रूबेन डेरियो को धन्यवाद।

अनुवाद टीम: अली अतुहा, एलाइन ज़ेवियर, अनुपमा वानखेड़े, एंटोन क्लाइमेक, एराज़ ममाडज़ादेह, अरोमा पब्लिकेशंस और मीडिया, आर्टुरो जूनियर बोरन, ब्लेसी जैकब, कार्ला मायुमी, कार्मेला डॉन फ्लोर्स, क्रिसब्रेशनाहन, डेविड राजू, एप्रैम जुगुना, फिनी जैकब, गीनव, हैमिड रेज़ा आज़मी, हयाउद्रे, इकबालमैन, जैकब कुरुविला, कामिल्टूर, करुंगुरु मावंगी, किरन, मैत्रेयी मोंडल, मार्को चू, मार्शो रोचा, मैथ्यू दास, मितेश मंडालिया, श्रीरामलक्ष्मी, श्रीमती गीताश्री,नवनीताक्रिशन, पॉल मेवांगी, पॉल सेप्टान, राणा 922, रुबीना राय, सफदर खान, शाहरोसां 15, टैलेंटो-यूनीडो, यूरीटॉम, वर्दिया जुलानियाह कैन्शिका, येओंग चुंग चिन और  ज़ीना मिरला बरज़गा अरेंसीबिया

## परिचय




भाइयों और बहनों,

इस अवसर पर हम आपको परमेश्वर की सेना में एक कप्तान के रूप में पदोन्नति देते हैं! आपकी कलीसिया में हर कोई "परमेश्वर के हथियार" की इन सामग्रियों में भाग लेना चाहेंगे। वे ग्वाटेमाला सिल्विया डेलियो, मारियो वेलास्केज़ और उनके सभी सहायक टीम के भाइयों द्वारा निर्मित एक सुपर मजेदार रैली / खेल दिवस के साथ इन्हें शुरू कर सकते हैं। और फिर मज़ा जारी रहता है क्योंकि वे सुकी कंगस द्वारा लिखे गए नये नाटकों / स्किट्स के द्वारा अपनी हंसी को नहीं रोक पाएंगे। जेनी सांचेज़ की हंसी को सुनना सुपर मजेदार रहा, जब वह उन वीडियो का संपादन करती थी जहां कप्तान ईमानदार (माइक कांगस) और सैनिक गुदगुदी (सुकी कांगस) और सैनिक ड्यूटी (फ्लोर बोल्डो) मस्ती के साथ अभिनय कर रहे हैं। और अगर सुकी के नाटक आपको मुस्कान नहीं देते हैं, तो पूरे पैकेज के अपने नए डिजाइन को देखें। मुझे शिक्षक की पुस्तक के कवर काफी पसंद है, सभी मज़ेदार आकृतियों के साथ, और कप्तान ईमानदार यह देखने की कोशिश कर रहे हैं कि वह इन सभी सैनिकों के साथ क्या करेगा! (शायद यह आपकी कक्षा की तरह लग रहा है?)

मुझे यकीन है कि यह कार्यक्रम आपके विद्यार्थियों को न केवल परमेश्वर के हथियार को याद करने के लिए प्रेरित करेगा, बल्कि इसे जीने के लिए भी प्रेरित करेगा। बच्चे सुकी के नए बैज के साथ रैंक में उन्नति पाने के लिए बहुत ज्यादा प्रेरित होंगे, और यहां तक कि प्रत्येक शिक्षक के कंधे भी उनके साथ चमक उठेंगे। न केवल बच्चों को शिल्पकला में मज़ा आएगा, बल्कि शिक्षक भी भाग लेना चाहेंगे, क्योंकि फ्लोर बोल्डो ने उन्हें बहुत प्यारा बना दिया है। मैं अपनी बाइबल के लिए अपना स्वयं का बुकमार्क चाहता हूं! नए विद्यार्थियों की किताबें सुपर मजेदार हैं, जिन्हें कलाकार डगलस1985 द्वारा नए डिजाइन और नए चित्र के साथ, मोनसे डुरान द्वारा बनाया गया है, और यहां तक कि ऐसा लगता है कि शिक्षक भी अपने नए पहेलियों को हल करने के लिए एक उन्नत विद्यार्थी किताब चाहते हैं!

लेकिन यह कार्यक्रम सिर्फ मस्ती के लिए ही नहीं है! किताबों के हर हिस्से में संदेश दिए गये हैं, नए पाठों से जो मैंने प्रश्नों और उत्तरों में गहरे विषयों पर लिखे हैं और विक्की कांगस द्वारा लिखे गए हफ़्ते के बीच वाले अमलीकरण हैं। आइए माइक कांगस द्वारा लिखे गए सभी गीतों में हृदय को छूने वाले सीधे संदेशों को न भूलें, और फ्लोर बोल्डो द्वारा किताबों के पीछे व्हाट्सएप द्वारा आधुनिक संदेशों को भी हमेशा याद रखें।

संगीत के बारे में अगर बात करे तो, मुझे उन सभी का उल्लेख करना होगा जिन्होंने मेरे साथ, अंग्रेजी और स्पेनिश दोनों में गाया, ताकि हथियार के सारे 10 गाने सुंदर, मज़ेदार और एक मजबूत संदेश के साथ सामने आ सके। अंग्रेजी में सीडी के साथ मेरी मदद करने के लिए एंडी कंगास, जेसिका मेशेल और ऑस्टिन मेशेल को धन्यवाद और स्पेनिश में मेरे साथ गाने के लिए माइक कांगस और फ्लोर बोल्डो को धन्यवाद। लेकिन तब सुकी ने अपने रचनात्मक एक्शन के साथ गाने को अधिक जीवंत बनाया, और मेरी पसंदीदा वह जगह है जहां पूरी टीम डेविड, जूलियो, फ्लोर, मोनसे, जेनी और सुकी के साथ एक साथ आती है।

वास्तव में, यह पूरा एक टीमवर्क है, जो प्रार्थना के साथ शुरू होने से लेकर, जूलियो सांचेज द्वारा मैक्सिको और ग्वाटेमाला में बिक्री के लिए अंतिम मुद्रित बिक्री नहीं की गई और साथ ही साथ माइक कांगस ने सभी भाषाओं को वेबसाइट पर अपलोड नहीं कर दिया, ताकि आप उन्हें मुफ्त डाउनलोड कर सके। और मुझे ग्वाटेमाला में वेरोनिका टोज का उल्लेख करना होगा जो फेसबुक के संचालक हैं और ब्लेसी जैकब जो भारत में इस पाठ्यक्रम के अनुवाद की संयोजिका हैं। और मुझे सब कुछ संपादित करने में मदद करने के लिए फ्लोर बोल्डो का बहुत बहुत धन्यवाद!

अपने प्यार, रचनात्मकता और सेवाभाव के साथ इस कार्यक्रम को बेहतर बनाने के लिए पूरे टीम को बधाई। आपके बिना, मैं कुछ भी पूरा नहीं कर सकती थी। युद्ध के मोर्चे पर प्रत्येक शिक्षक के लिए भी धन्यवाद, जो इन कक्षाओं को सिखाएंगे और जो हमारी दुनिया में बदलाव लाने जा रहे हैं। हम इन किताबों को धूल चढ़ने के लिए नहीं बल्कि अगली पीढ़ी को प्रशिक्षित करने के लिए बनाते हैं। शिक्षकों, आपके बिना हमारी टीम कुछ नहीं कर रही हैं। बच्चों के प्रति आपके प्यार, आपके समर्पण और धैर्य के साथ आप जो आत्मिक फल देते हैं, उसके लिए आपको धन्यवाद।

परमेश्वर हम में से हर एक को दुगुनी आशीष दें!

क्रिस्टीना क्रॉस

बच्चे महत्वपूर्ण हैं

# इस सामग्री का इस्तेमाल कैसे करें

## विशिष्टताएं

विद्यार्थी



शिक्षक



इस कार्यक्रम के सन्दर्भ में पदक/बैज आदि कुछ ऐसी सुपर अच्छी बाते हैं जो बच्चे और शिक्षक कमा सकते हैं। प्रत्येक कक्षा को शुरू करने से पहले, आप चाहेंगे कि एक छोटी पदक वितरण समारोह हो और बैज दिए जाएँ। (यदि आप क्लास से पहले तैयारी पूरी नहीं कर पाते हैं, तो गीतों को गाने के दौरान आप तैयारी पूरी कर सकते हैं।) हर हफ़्ते जीतने के लिए 4 पदक हैं। फिर जब विद्यार्थी आते हैं, तो उनसे गृहकार्य के नोट्स लें: प्रेरितों के काम में से पढ़े गए अध्याय और "बूट शिविर" अमलीकरण, जहां उन्हें हफ़्ते के बीच में कुछ करना होता था। साथ ही उनकी साप्ताहिक उपस्थिति पर भी ध्यान दें। अंत में, उन्हें आपसे याद करने की आयत को बोलने के लिए कहें (हम परमेश्वर के हथियार के लेख से सीखेंगे) ताकि वे यादगार सितारे भी कमा सकें। अच्छी तरह से सब बातों का रिकार्ड रखें और प्रत्येक हफ़्ते जो एक छोटा समारोह होगा उसमें औपचारिक रूप से देने के लिए पदकों को तैयार रखें।

- कक्षा उपस्थिति
- जीवन अमलीकरण गृहकार्य
- अमलीकरण गृहकार्य को पढ़ना
- हथियार आयतों को याद करना

पुस्तक के अंत में एक चार्ट है जिसका इस्तेमाल आप उनके पदकों का रिकार्ड रखने के लिए कर सकते हैं।

## उपस्थिति

प्रत्येक बच्चा हर कक्षा में भाग लेने के लिए मुख्य बैज/पदक का एक हिस्सा कमाता है। आप चाहे तो प्रत्येक बच्चे को दोनों हाथों में पहनने के लिए 2 बैज दे सकते हैं या केवल एक हाथ पर पहनने के लिए 1 बैज दे सकते हैं।




आंशिक सहायता के उदाहरण, या केवल कुछ दिन। फीतों को एक साथ रखें।



## पढ़ना और याद करना




बच्चे प्रत्येक पाठ में दिए गए प्रेरितों के कामों के हिस्से को पढ़कर और दिन की आयत याद करके एक सितारा कमा सकते हैं। अगर वे प्रेरितों की पूरी पुस्तक पढ़ते हैं और 10 आयतों को याद करते हैं, तो उनके बैज भर जाएंगे। इस बैज को बच्चे के दाहिनी ओर रखें। (यदि उन्होंने पिछली 9 कक्षाएं हासिल की हैं तो हफ्ता 10 अर्जित किया जाता है)

## बूट शिविर / जीवन अमलीकरण

प्रत्येक पाठ में हफ़्ते के मध्य उस पाठ को अपने जीवन में अभ्यास में लाने के लिए एक गृहकार्य अमलीकरण भी है। बच्चे किसी एक कार्य को पूरा करने पर 1 "रिबन" (आयताकार कागज) कमाते हैं। धागे, टेप से आयताकारों को जोड़ें या कागज के टुकड़ों के साथ उन्हें एक साथ चिपकाएँ। उन्हें बच्चे के बाईं ओर रखें।




## समय सारणी: (1½ घंटे)

**कक्षा से पहले (10 मिनट):**

- जब बच्चे आते हैं, तो उनकी उपलब्धियों को लिखें ताकि वे हर हफ्ते 4 बैज कमा सकें।
- कक्षा उपस्थिति
- जीवन गृहकार्य: "बूट शिविर"
- गृहकार्य पढ़ना: प्रेरितों के काम
- हथियार आयतों को याद करना

**आरम्भ करना (25 मिनट)**

- एक्शन के साथ गाने
- पुरस्कार समारोह / पदक चिन्ह
- पाठ का शीर्षक
- नाटक / रेखाचित्र

**(15 मिनट) पाठ:**

- मुख्य पाठ
- याद करने की आयत




**विद्यार्थी किताबें (20 मिनट):**

- पहेलियाँ और गतिविधियाँ
- पावरपॉइंट / निर्णय
- प्रश्न / चर्चा
- जीवन अमलीकरण और गृहकार्य पढ़ना

**गतिविधियाँ (20 मिनट):**

- खेल
- शिल्प

## नाटक



प्रत्येक हफ़्ते कप्तान दो सैनिकों को बूट शिविर में परमेश्वर के हथियार के बारे में सिखाता है। प्रत्येक नाटक में वे नए सैनिक बच्चों के सन्डे स्कूल पाठ के समानांतर एक पाठ को सीखते हैं।

**पात्र:**

• सैनिक गुदगुदी
हमेशा गड़बड़ करती है और हथियार के हिस्सों को भूल जाती है।
• सैनिक ड्यूटी
निर्देशों को अच्छी तरह से मानती है।
• कप्तान ईमानदार
दो नए सैनिकों को प्रशिक्षण देने का अधिकारी।

इस सामग्री के लिए, हमारे पास डीवीडी या यू-ट्यूब पर सभी नाटकों के वीडियो उपलब्ध हैं। आप अपने अभिनेताओं के लिए प्रेरणा के रूप में इन वीडियो का इस्तेमाल कर सकते हैं या आप बच्चों के लिए सीधे वीडियो चला सकते हैं।
इन नाटक वीडियो में कोई वास्तविक भाषा का इस्तेमाल नहीं किया गया है और आपके क्षेत्र में बोली जाने वाली भाषा में बिना कठिनाई के काम करेंगे।
हमारे नीचे दिए गये यू-ट्यूब चैनल पर नाटक खोजें:
*www.youtube.com/c/Childrenareimportant*

## गत्तों के बने हथियार और सरल डिजाइन सेट

हमारे नाटकों के लिए, हम हथियार के सस्ते हिस्सों को बनाने के लिए गत्तों के बक्से, रिबन और कोलैंडर्स / पैन का इस्तेमाल करते हैं।
अतिरिक्त विचारों के अनुभाग में लंबे गुब्बारे से हथियार कवच बनाने के तरीके और अन्य विचारों के बारे में निर्देश प्राप्त करें।





**उद्धार का टोप**

कढ़ाई या गोल बर्तन

रिबन

सिर पर इसे मुलायम रखने के लिए एक तौलिया





**धार्मिकता की झिलम**

बड़ा गत्ते का बक्सा

रिबन और गोंद

गत्ते के छोर को सील देने से इसे मजबूती मिलती है










## विश्वास की ढाल

एक बड़े बक्से का एक सिरा
पारदर्शी प्लास्टिक की थैली
गोंद या फेविकोल
घुंघराले रिबन / धागे

## प्रार्थना/ संचार उपकरण

एक छोटा बक्सा
तार का एक टुकड़ा:
बक्से को मोड़ने के लिए





## सत्य का पटुका

अपने बेल्ट पर आप उपयोगी उपकरण लटका सकते हैं, जैसे कि एक गुलेल, दूरबीन, रस्सी, और पाने की बोतल।





## हिस्से

प्रत्येक हिस्सों के लिए गत्ते के एक टुकड़े और सिलिकॉन / गोंद की आवश्यकता होती है।




## गुलेल













### रस्सी



### दूरबीन




नीचे के हिस्से को गत्ते के बक्से की तरह बंद करें

### आर्मी बोतल

2 डिस्पोजेबल प्लेट और एक टॉयलेट कागज़ ट्यूब के साथ एक बोतल बनाने के तरीके को देखने के लिए अतिरिक्त विचार अनुभाग कोदेखें।









इस सभी हिस्सों को एक साधारण बेल्ट में डालें

### मंच सामग्रियां

10 नाटकों के लिए:

सीढ़ी

2 गत्ते के बक्से

टेबल

पानी का बर्तन

कागज के छोटे टुकड़े



## अतिरिक्त विचार

### छोटे गुब्बारों के टॉवर



भूरे, हरे, काले और सफेद गुब्बारों का इस्तेमाल करके दो टॉवर या स्तंभ को बनाने के बारे में।

आओ, अब हम चार रंगों का एक छोटा स्तंभ बनाते हैं।


दो जोड़े बनाएं (2 बंधे गुब्बारे) 1 हरे और 1 काले गुब्बारे के साथ और दूसरा 1 सफेद और 1 भूरे रंग के गुब्बारे के साथ।

सुझाव: गुब्बारे के पेट (मध्य भाग) के करीब से उन्हें बाँधना याद रखें क्योंकि बाद में आप बेहतर तरीके से आकर दे सकते हैं।

अब जोड़े को क्रोस करें और उन्हें एक साथ मोड़ दें।

9 गुब्बारे की चौकड़ी (गुच्छे) को बनाने के लिए लगभग 8 बार इस प्रक्रिया को करें।


संदर्भ के रूप में हरे रंग का इस्तेमाल करके एक X के रूप में पहली चौकड़ी रखें। अब बाकी चौकड़ी को + के रूप में रखें ताकि उन्हें हिलने-[illegible]ने से रोकने के लिए घुंघराले रिबन के साथ पहली चौकड़ी को जोड़ दें। अन्य चौकड़ी के साथ ऐसा ही करें, उन्हें हर बार घुमाएँ: X, +, X, + आदि।




सुझाव: अपने मिनी टॉवर के शीर्ष पर इसे आकर्षक बनाने के लिए एक धातु का सितारा गुब्बारा रख सकते हैं।

हमारे पास मिनी बैलून टॉवर बनाने के निर्देशों के साथ एक वीडियो उपलब्ध है:
https://youtu.be/hut9db-ALOI
या हमारे यू:ट्यूब चैनल में खोजें-
http://youtube.com/c/Childrenareimportant

### कागज के साथ सजावटी संकेत



आपको हरे, भूरे, काले रंग के पत्र के आकार की शीटों, कैंची, पेंसिल, स्केल और रस्सी की आवश्यकता होगी।

हम एक त्रिभुज का पैटर्न बनाने जा रहे हैं। अपनी शीट को क्षैतिज रूप से रखें (ट्राईएंगल), पत्र के आकार की शीट को आधे में मोड़ें, शीट को काट लें और सांचा बनाने के लिए केवल आधे भाग का इस्तेमाल करें, स्केल से शीट की चौड़ाई को मापें और केंद्र में एक निशान रखें। उदाहरण के लिए, यदि आप सेमी पर एक बिंदु 7 सेमी मापते हैं तो आप 14

लगाते हैं। अब उस बिंदु से ऊपरी बाएं कोने तक एक लाइन खींचें और ऊपरी दाएं कोने के साथ भी इस चरण को दोहराएं। एक त्रिकोण का आकार अब बाईं ओर होना चाहिए। अतिरिक्त भाग को काट लें और आपको आपका पैटर्न तैयार मिलेगा। एक बार जब आप रंगीन शीटों में कई त्रिकोण बना लेते हैं, तो आप इसे बेहतर बनाने के लिए उन्हें एक दूसरे के साथ जोड़ सकते हैं।
अब त्रिकोण को रस्सी पर चिपका दें। एक-दूसरे के बीच जगह न छोड़े।




## गत्ते का बक्सा

विभिन्न आकारों के कार्डबोर्ड बॉक्स, एक स्थायी मार्कर, क्राफ्ट पेपर या भूरा पेपर और भूरा टेप लें।
कार्डबोर्ड बक्से को कागज से कवर करें। बक्से को "उद्धार का टोप" या "सुसमाचार के जूते" जैसे शब्दों के साथ सजाएँ और कक्षा दृश्य को सजाने के लिए कई बक्से की ◻ लगा दें।




## पैराशूट सैनिक

आपको प्लास्टिक सैनिकों, कॉफी के लिए फिल्टर, गत्ते, टेप और रिबन / धागे की आवश्यकता होगी।
कॉफ़ी फ़िल्टर को घुंघराले रिबन के साथ प्लास्टिक सैनिक से जोड़ें। फ़िल्टर के ऊपरी भाग में आप अपने लिविंग रूम के दरवाजे पर या जहाँ आप सजाना चाहते हैं, उन्हें टांगने के लिए टेप की एक और पट्टी चिपका सकते हैं। पारंपरिक "हथियार" के बजाय, ये सैनिक अलग-अलग शब्दों को पकड़े रखते हैं जो इस कार्यक्रम के पाठ में शामिल हैं: विश्वास, सत्य, शांति, उद्धार, आदि।




## कागज प्लेटों और ट्यूबों के साथ आर्मी बोतल

दो डिस्पोजेबल प्लेट या दो कार्डबोर्ड के गोले जो लगभग 10 सेमी व्यास वाले हो, साथ ही गोंद, कैंची, भूरे और हरे रंग या हरे और भूरे रंग के विभिन्न रंगों के कागज के छोटे टुकड़े, सेनेटरी पेपर ट्यूब (एक ट्यूब दो बच्चों के लिए काफी है) या आप किसी शीतल पेय की प्लास्टिक आर्मी बोतल का इस्तेमाल कर सकते हैं, और घुंघराले रिबन।

**निर्देश:**

प्रत्येक प्लेट पर कागज़ ट्यूब की चौड़ाई का एक यू (U बड़े अक्षर में) बनाएं, यह सुनिश्चित करते हुए कि वे एक ही तरह के हैं, और फिर उन्हें काट लें।
एक प्लेट पर कागज़ ट्यूब को गोंद करें जहां "U" के आकार में काटा गया है। शीर्ष पर अन्य प्लेट को सीध में रखें और इसे एक साथ चिपकाएँ।
आप इसे दो तरह से सजा सकते हैं। एक विकल्प भूरा और हरा रंग है। दूसरा विकल्प अलग-अलग रंगों में हरे और भूरे रंग के कागज के टुकड़ों को फाड़ें और फिर इसे प्लेटों के किनारों के आसपास चिपका दें। हर तरफ एक छोटा छेद बनाएं और घुंघराले रिबन या धागे को बांधें।

## उपलब्ध सामग्रियां




### शिक्षक पुस्तिका

हर आयु समूहों के लिए 10 पाठ

### विद्यार्थी पुस्तकें


सरल - उम्र 4-6

मध्यम - उम्र 7-9

कठिन - उम्र 10-12

उन्नत - उम्र 13+







### पोस्टर और पत्रियाँ

अधिक बच्चों को आमंत्रित करो!




### प्रमाणपत्र

प्रत्येक बच्चे को कार्यक्रम के अंत में दें




### पदक/ विशिष्टताएं

- कक्षा उपस्थिति
- हफ्ते के मध्य जीवन अमलीकरण
- पढ़ने का गृहकार्य:प्रेरितों के काम
- याद करना: परमेश्वर के हथियार की आयतें


### शिल्पकला

आपकी कक्षा की गतिविधियों के लिए 3 शिल्पकलाएं




## एक्शन गानें

10 पाठों में से प्रत्येक के लिए एक मूल गीत




## नाटक

हर 10 पाठ के लिए एक बहुत ही मजेदार नाटक
(बिना शब्दों के/बिना किसी भाषा के)






## सोशल मीडिया

आपके बच्चों की सेवकाई के लिए अधिक विचारों और प्रेरणा प्राप्त करने के लिए हमें सोशल मीडिया पर खोजें।

YouTube facebook WhatsApp

## वेबसाइट

शिक्षकों और अगुवों के लिए प्रशिक्षण सामग्रियां सहित, हमारी वेबसाइट पर इन सभी सामग्रियों को डाउनलोड करें।




## इन सामग्रियां को कैसे प्रिंट करें:



# पाठ 1

## शीर्षक - पाठ 1
अदृश्य दुनिया

## बाइबल कहानी - पाठ 1
यीशु स्वर्ग पर उठाया जाता है
प्रेरितों 1:1-11



## पदक - पाठ 1
प्रत्येक बच्चे को 2 पदक चिन्हों का आधार, एक उपस्थिति के लिए और दूसरा पढ़ने और याद रखने के लिए मिलता है।

आज का उपस्थिति पदक:



अगले हफ़्ते से, विद्यार्थी पढ़ने, याद रखने और गृहकार्य अमलीकरण को पूरा करने के लिए पदक अर्जित करना शुरू कर सकते हैं।

## नाटक - पाठ 1
सैनिक गुदगुदी और सैनिक ड्यूटी सेना में शामिल होते हैं। सैनिक गुदगुदी का मानना है कि कोई दुश्मन नहीं हैं और केवल सेना की वर्दी पहनना चाहता हैं, मजबूत और फिल्मों की तरह दिखना चाहता है। जबकि कप्तान ईमानदार दुश्मन से लड़ने के बारे में भाषण देते हुए प्रारंभिक अभ्यास शुरू करता है।

## याद करने की आयत - पाठ 1
"अन्त में : आप-लोग प्रभु से और उनके अपार सामर्थ्य से बल ग्रहण करें। आप परमेश्वर के अस्त्र-शस्त्र धारण करें, जिससे आप शैतान की धूर्तता का सामना करने में समर्थ हों"  इफिसियों 6:10-11

## मुख्य पाठ - पाठ 1
**प्रेरितों 1:1-11**



हमारे आस-पास एक अदृश्य दुनिया है और यह बहुत वास्तविक है, भले ही हम इसे देख नहीं सकते। ठीक उसी तरह जैसे आप हवा को नहीं देख सकते हैं, लेकिन आप देख सकते हैं कि पेड़ किस तरह से चलती है जब हवा पत्तियों से होकर गुजरती है, इसलिए ठीक ऐसा ही आत्मिक दुनिया में भी होता है। पुराने नियम के भविष्यवक्ताओं में से एक, एलिशा, हमें इस अदृश्य दुनिया को देखने का एक शानदार उदाहरण देता है। अरामी और इस्राएल के बीच एक लड़ाई शुरू होने वाली है। (2 राजा 6: 8-23) एक रात, दुश्मन सैनिकों ने शहर को घेर लिया, और जब एलिशा के सेवक ने उन्हें देखा, तो वह बहुत भयभीत हो उठा। लेकिन भविष्यवक्ता ने अपने सेवक से कहा कि उसे डरने की जरूरत नहीं है, क्योंकि जो उनके साथ थे, वे उनसे ज्यादा थे जो दुश्मनों के साथ थे। तब एलीशा ने सेवक की आँखें खोलने के लिए प्रार्थना की, तब उसने देखा और पहाड़ियों को चारों ओर घोड़ों और रथों से भरी हुई देखा! परमेश्वर के पास अपने भविष्यवक्ता की रक्षा करने वाली एक विशाल अदृश्य सेना थी!
हमारे चारों ओर एक आत्मिक युद्ध चल रहा है, भले ही हम इसे देख नहीं सकते। बाइबल यह स्पष्ट करती है कि शैतान का अस्तित्व है और आत्मिक राज्य की वास्तविकता को अनदेखा करने के लिए हमें बहकाने की कोशिश

कर रहा है। प्रेरितों के काम से आज की बाइबल कहानी में, यीशु को स्वर्ग में उठा लिया जाता है। कृपया मेरा विश्वास करो, स्वर्ग और नरक दोनों वास्तविक हैं। इस सच्चे ऐतिहासिक वृत्तांत में, यीशु के उठा लिए जाने के बाद, दो स्वर्गदूत चेलों को दिखाई देते हैं! स्वर्गदूतों द्वारा हमारी मदद करते और शैतान द्वारा हम पर हमला करते हुए कल्पना करना हमारे लिए कठिन होता है, लेकिन ये चीजें उन चीजों की तुलना में अधिक वास्तविक हैं जिन्हें हम देख सकते हैं। आइए हम परमेश्वर के हथियार पर इस अध्ययन में कूद लगाएं और इस अदृश्य दुनिया के बारे में और अधिक जानें। हम एक युद्ध में हैं, चाहे हम इसे पसंद करें या न करे। इसलिए, आइए हम दुश्मन के विरुद्ध लड़ाई लड़ने के लिए परमेश्वर के पूरे हथियार को पहन लें!

## बूट शिविर - पाठ 1

**अमलीकरण - पाठ 1**

एक स्वर्गदूत के साथ खुद की एक तस्वीर बनाएं जो किसी तरह से आपकी मदद कर रहा है। कुछ खतरनाक स्थानों और डरावनी स्थितियों के बारे में सोचें, जिनका आप सामना करते हैं।

**गृहकार्य (बड़े विद्यार्थी) - पाठ 1**

प्रेरितों के काम 1-4 को पढ़ें

## पावरपॉइंट / निर्णय - पाठ 1

"मैं इस अदृश्य दुनिया में विश्वास करना चाहता हूं और परमेश्वर के पूरे हथियार को पहनना चाहता हूं।"

## प्रश्न और उत्तर - पाठ 1

1. आपने क्या सबूत देखे हैं जिनसे पता चलता है कि अच्छाई और बुराई दोनों की एक अदृश्य दुनिया मौजूद है?

अपने विद्यार्थियों को उन लोगों की कहानियों को बताने के लिए प्रोत्साहित करें जिन्हें किसी दुर्घटना या बीमारी में बुरी तरह से घायल हो जाना चाहिए था लेकिन किसी स्थायी नुकसान के बिना वे कैसे बच गये। सपने और "अंतर्ज्ञान" कभी-कभी हमें बिना किसी बाहरी मदद के अच्छे विकल्प चुनने के लिए प्रेरित करते हैं। कभी-कभी डर हमारे ऊपर तब हावी होता है जब इसका कोई अर्थ नहीं होता है, और हम शैतान को हमसे दूर जाने को कह सकते हैं और तब हम फिर से शांति महसूस करते हैं।

2. क्या आपने दूसरों को देखा है जिन्होंने गलतियाँ की हैं और परमेश्वर के कवच द्वारा संरक्षित नहीं हैं? कुछ कहानियाँ बाँटें।

विचार यह है कि विद्यार्थियों द्वारा देखे गए अनुभवों को बाँटना और उन्हें यह महसूस कराना हैं कि परमेश्वर के कवच के बिना गलतियां या पाप करना काफी आसान होता है। वास्तविक नामों का इस्तेमाल न करें! विद्यार्थियों को उन लोगों के बारे में बात करने के लिए प्रोत्साहित करें जिनके बारे में वे जानते हैं कि जो एक बार यीशु से प्यार करते थे और चर्च जाते थे, लेकिन अब वे ऐसा नहीं करते।

3. आपको क्या लगता है कि हमारे आस-पास की आत्मिक लड़ाई किस तरह की है?

बाइबल में पाए जाने वाले स्वर्गदूतों और दुष्टात्माओं के उदाहरणों के बारे में बात करें। (उदाहरण: दानिय्येल 7, 9:21-23, 10:5-14)

4. किसने यह वादा किया था कि जिस तरह यीशु गया वैसे ही वापस लौट आयेंगे?

(दो सफेद कपड़े पहने हुए पुरुषों ने, संभवतः स्वर्गदूत।)

5. प्रेरितों के काम 1:8 से लिए गए रिक्त स्थान को भरें: तुम ______________________________ मेरे गवाह होंगे।


आज हमारे लिए इसका क्या अर्थ है?

(यरूशलेम, यहूदिया और सारे सामरिया में, यहाँ तक कि दुनिया के कोने तक। हमें हर जगह लोगों को यीशु के बारे में बताने की ज़रूरत है।)

## खेल: चक्कर - पाठ 1

**सामग्रियां**

कागज के टुकड़े, पेन, गुब्बारे और संगीत (वैकल्पिक)



## तैयारी

कागज की शीटों पर अगले 9 पाठों के शीर्षक लिखें। गुब्बारे को फुलाएं और बाँधने से पहले प्रत्येक गुब्बारे के अंदर एक कागज़ पर एक पाठ का नाम लिखकर रखें।

## खेल को खेलना

1. विद्यार्थी एक गोला बनाते हैं और गोले के चारों ओर 1 गुब्बारा आगे बढ़ाते हैं। (पहला विद्यार्थी इसे सिर के ऊपर से आगे ब□ता है, दूसरा इसे अपने पैरों के बीच से गुजारता है, आदि) जब तक कि शिक्षक जोर से चिल्लाता या सीटी नहीं बजाता है। (विकल्प: गुब्बारा आगे ब□ते समय मजेदार संगीत बजाएं।)
2. जब शिक्षक चिल्लाता है, तो जिस विद्यार्थी के पास गुब्बारा होता है, वह सबके मध्य में जाता है और अपने एक पैर से गुब्बारे को फोड़ता है। फिर विद्यार्थी उसके कागज़ को निकालता है और दूसरों के सामने पढ़ता है।
वे तब तक खेलते रहते हैं, जब तक सभी गुब्बारें खत्म नहीं हो जाते।

### विकल्प


1. यदि आपके पास बहुत सारे विद्यार्थी हैं, तो आप कई गोले बना सकते हैं, या एक बार में एक से अधिक गुब्बारे आगे बढ़ा सकते हैं।

2. शीर्षकों के साथ वाले कागज़ के साथ, आप टॉफ़ी या गुब्बारों पर अलग-अलग निर्देशों को भी लिखकर डाल सकते हैं (जैसे कि चर्च के चारों ओर एक चक्कर लगाना आदि)।

## पहेली उत्तर - पाठ 1

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| आ | त्म | स्व | स्मा | ज़िं | ग | य | स्व | प्रे |
| बा | दि | न | र्ग | ना | बा | रू | स्मा | र्ग |
| द | ज़िं | प्रे | खा | रा | हों | श | पि | ता |
| ल | ब | सि | प | लु | ज्य | ले | ल | आ |
| स्मा | पा | र्थ | ब | आ | सा | म | र्थ | दा |
| यी | ति | नी | पि | प | दि | ग | ज़िं | क |
| शु | स्मा | ग | रू | लु | ति | ता | र्थ | सा |
| ज़िं | दि | वा | प्रे | रि | त | स्मा | द्धा | म |
| द | या | हों | ल | आ | र्थ | प्रे | दि | र |
| प्रे | रि | ता | प्रे | त्मा | ज़िं | दि | ल | या |





# पाठ 2

## शीर्षक - पाठ 2

अन्धकार के विरुद्ध लड़ाई

## बाइबल कहानी - पाठ 2

पौलुस और सीलास जेल में
प्रेरितों के काम 16:16-31

## पदक - पाठ 2



आज का उपस्थिति पदक:

प्रत्येक विद्यार्थी जिसने पिछले हफ़्ते "बूट शिविर" अमलीकरण किया था उसे यह "रिबन" मिलता है:



प्रत्येक विद्यार्थी, जिसने पिछले हफ़्ते प्रेरितों के काम पढ़ने के गृहकार्य को पूरा किया, उसे एक सितारा मिलता है।

प्रत्येक विद्यार्थी जो पिछले हफ़्ते की याद करने की आयत को बोल सकता है, उसे एक सितारा मिलता है।

## नाटक - पाठ 2

सैनिक ड्यूटी और गुदगुदी एक दूसरे के साथ बहस करते हुए अंदर आते हैं। कप्तान ईमानदार ने सैनिक गुदगुदी और ड्यूटी को बाधा कोर्स से गुजरने को कहा, और वे पाठ्यक्रम के दौरान एक-दूसरे को ताना मारते हैं। बाधा कोर्स खत्म करने के बाद, वे सैनिक फिर से लड़ने लगते हैं। कप्तान लड़ाई को रूकवाता है, उन्हें बताता है कि उनकी लड़ाई एक-दूसरे के विरुद्ध नहीं बल्कि उनके दुश्मन के विरुद्ध है।

## याद करने की आयत - पाठ 2

"क्योंकि हमें निरे मनुष्यों से नहीं, बल्कि वर्तमान अन्धकार के अधिपतियों, अधिकारियों तथा महाशासकों से, स्वर्गिक क्षेत्र के दुष्ट आत्माओं से ही संघर्ष करना पड़ता है।" इफिसियों 6:12

## मुख्य पाठ - पाठ 2

प्रेरितों के काम 16:16-31

हम मनुष्यों के विरुद्ध नहीं बल्कि शैतान और अन्धकार की उसकी प्रधानता के विरुद्ध लड़ते हैं। शैतान गलतफहमियां पैदा करना पसंद करता है और लोगों को एक-दूसरे को चोट पहुंचाने के लिए इस्तेमाल कर सकता है, लेकिन हमें याद रखना चाहिए कि हमारी लड़ाई हमेशा उसके विरुद्ध है! हमारी दुनिया एक गिरी हुई जगह है, और इंसानों के रूप में, हम अक्सर एक दूसरे के विरुद्ध पाप करते हैं। लेकिन हमें याद रखना चाहिए कि हमें एक-दूसरे के विरुद्ध नहीं लड़ना चाहिए, क्योंकि यह दुश्मन के जाल में गिरने जैसा है।


परमेश्वर हर किसी से प्यार करते हैं, भले ही हम गलतियाँ करते हैं। जब हम गलती करते हैं तो हम अपने जीवन में परमेश्वर की दया के लिए आभारी हैं, इसलिए हमें भी दूसरों पर दया करनी चाहिए। कई बार दुश्मन हमारे शब्दों या कार्यों को मरोड़ देता है, जिससे हम एक दूसरे से बहुत नाराज हो जाते हैं। हालाँकि, परमेश्वर सभी से प्यार करते हैं, और इसलिए हमें भी ऐसा ही करना चाहिए।

प्रेरितों के काम से आज की बाइबल कहानी में, पौलुस और सीलास को जेल में डाल दिया जाता है। पहरेदार उनसे क्रूरता करता है, जबकि उन्होंने कुछ भी गलत नहीं किया था। हालाँकि, जब परमेश्वर उन्हें बचने का रास्ता देते हैं, तो वे पहरेदार से बदला नहीं लेते हैं, इसकी बजाय

उन पर दया करते हैं, जिनसे पहरेदार और उसका पूरा परिवार प्रभु की ओर आ जाते हैं! पौलुस और सीलास उनके विरुद्ध बुराई के लिए पहरेदार को दोषी ठहरा सकते थे, लेकिन इसकी बजाय उन्हें याद आया कि उनकी लड़ाई शैतान के विरुद्ध थी और लोगों के विरुद्ध नहीं। जब हम परमेश्वर के कवच को धारण करते हैं तो हमें याद रखना चाहिए कि हमें आत्मिक अंधकार से लड़ने है न कि अपने साथी अन्य लोगों के साथ!

## बूट शिविर - पाठ 2

### अमलीकरण – पाठ 2



अपने आसपास के लोगों के कार्यों और शब्दों के प्रति सावधान रहें और आत्मिक हमलों को पहचानें। जब आप किसी दूसरे को किसी के प्रति बुरा करते देखते या सुनते हो, तो इस बात को पहचानें कि शैतान इससे कितना खुश होता है और परमेश्वर कितना दुखी होते हैं। तब आप बिना किसी का नाम लिए, अपने शिक्षक को बताने के लिए तैयार रहें।

### गृहकार्य (बड़े विद्यार्थी) - पाठ 2

प्रेरितों के काम 5-7 पढ़ें

## पावरपॉइंट / निर्णय - पाठ 2

"मैं दुश्मन से लड़ने को चुनता हूं, न कि मेरे आसपास के लोगों से।"

## प्रश्न और उत्तर - पाठ 2

1. इन शब्दों के क्या अर्थ हैं? "प्रधानों से और अधिकारियों से, और इस संसार के अन्धकार के हाकिमों से, और उस दुष्टता की आत्मिक सेनाओं से जो आकाश में हैं। ।" इफिसियों 6:12

यह विचार उनके लिए है कि हम एक युद्ध में हैं, और यह कि शैतान और उसके सभी दुष्टात्माएं वास्तविक हैं, भले ही हम उन्हें देख न सके। 1 पतरस 5:8; प्रकाशितवाक्य 12:9

2. कुछ उदाहरण क्या हैं जब हमने अन्धकार की दुनिया के बजाय मनुष्यों के विरुद्ध लड़ाई की थी?

उदाहरण: जब कोई व्यक्ति आपका मजाक उड़ाता है जब आप वचन पढ़ रहे होते या प्रचार कर रहे होते हो। जब हममें एक विनम्र मनोभाव होता है, लेकिन लोग सोचते हैं कि हम गूंगे हैं। विद्यार्थियों को ऐसे कुछ उदाहरण देने की अनुमति दें।

3. परमेश्वर क्यों चाहते हैं कि हम परमेश्वर के हथियार के बारे में जानें?

वह हमसे चाहता है कि हम जानें कि वह हमेशा हमारे साथ हैं और हमसे अपेक्षा नहीं करते कि हम दुनिया में अकेले दृढ़ खड़े रहें। वह हमें उन सभी बातों से सुसज्जित करता है जिनकी हमें शैतान के विरुद्ध खड़े होने में जरूरत होती है। वह हमें "हथियार को धारण" करने के लिए कहते हैं क्योंकि हम उनकी मदद को अस्वीकार कर सकते हैं और यह सब अपनी ताकत से करने की कोशिश कर सकते हैं।


4. पौलुस और सीलास के साथ उन्हें जेल में डालने से पहले क्या दर्दनाक बात हुई थी? उन्हें सार्वजनिक रूप से लाठियों से पीटा गया था। प्रेरितों के काम 16:22-23,37

5. पहरेदार के इस सवाल का जवाब क्या था, "उद्धार पाने के लिए मैं क्या करूं?"

उन्होंने उससे कहा, "प्रभु यीशु मसीह पर विश्वास करो और तुम उद्धार पाओगे।" प्रेरितों के काम 16:31

## खेल: संघर्ष - पाठ 2

### सामग्रियां



प्रत्येक 6 विद्यार्थियों के समूह के लिए ऊन या कपडे की छोटी गेंद

### खेल को खेलना

1. विद्यार्थियों को 4-6 के समूह में बाँटने के लिए गिनें और उन्हें पंक्तियों में खड़ा करें, जिसमें एक समूह और दूसरे के बीच बहुत ज्यादा स्थान खाली हो।
2. विद्यार्थियों के साथ चर्चा करें कि कभी-कभी शैतान लोगों को हमें बांधने के लिए इस्तेमाल करता है, लेकिन किसी भी स्थिति में, यह शैतान ही है जिसके विरुद्ध हम लड़ रहे हैं। इस खेल में, हम खुद को ही बांधते हैं, लेकिन खुद को आज़ाद करने के लिए, हमें कपड़े या ऊन को निकालना होगा और ध्यान रखना होगा कि दूसरों के साथ लड़ाई न करें।

3. प्रत्येक पंक्ति के पहले विद्यार्थी को ऊन की एक छोटी सी गेंद दें। पहला विद्यार्थी ऊन के सिरे को पकड़ता है और गेंद को पंक्ति से गुजरता है जब तक कि यह अंत तक नहीं पहुंचता, अंतिम विद्यार्थी इसे अपनी पीठ के चारों ओर से घुमाता है और इसे सबसे आगे वाले विद्यार्थी को वापस देता है।


4. टीमों द्वारा अपने ऊन की गेंदों को खत्म करने के बाद, उनका अगला काम दुश्मन के जाल से बचना है, और खुद को ऊन से आज़ाद करना है। जो टीम खुद को पहले मुक्त करती है, वही जीतती है।

**विकल्प**


आप उस समूह को पुरस्कार दे सकते हो या तालियाँ बजा सकते हो जिन्होंने आपस में लड़े बिना अपने आप को मुक्त किया।

## पहेली उत्तर - पाठ 2

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प | कै | र | भी | वा | दी | दा | जें | र |
| द | प | क | ड़ | पौ | लु | [illegible] | र्थ | ना |
| जं | व | ह | भू | क | ला | द | कै | दी |
| से | र्थ | द्धा | रे | सी | जी | प्रा | प | जं |
| प्रा | र्थ | सु | कै | दा | भू | क | र्थ | गा |
| उ | द्धा | र | ले | द | [illegible] | वा | जें | ना |
| भू | जं | क्षा | की | जी | व | द्धा | र् | र |
| जें | कं | र्थ | जं | दी | स | प्रा | द | वा |
| ना | लु | प | व | क | वा | लु | द्धा | जें |






# पाठ 3

## शीर्षक - पाठ 3
डटे रहो

## बाइबल कहानी - पाठ 3
स्तिफुनुस की मृत्यु
प्रेरितों के काम 6:8-15, 7:51-60



## पदक - पाठ 3
आज का उपस्थिति पदक:
प्रत्येक विद्यार्थी जिसने पिछले हफ़्ते "बूट शिविर" अमलीकरण किया था उसे यह "रिबन" मिलता है:




प्रत्येक विद्यार्थी, जिसने पिछले हफ़्ते प्रेरितों के काम पढ़ने के गृहकार्य को पूरा किया, उसे एक सितारा मिलता है।

प्रत्येक विद्यार्थी जो पिछले हफ़्ते की याद करने की आयत को बोल सकता है, उसे एक सितारा मिलता है।

## नाटक - पाठ 3

कप्तान ईमानदार ने सैनिक गुदगुदी और सैनिक ड्यूटी को सावधान की मुद्रा में खड़े रहने का आदेश दिया। फिर कप्तान ईमानदार सैनिकों के पीछे खड़े होकर एक ऊंची आवाज निकालता है। वे कूद कर भाग जाते हैं। दूसरी बार जब वे भयभीत होते हैं, तो वे एक-दूसरे के ऊपर कूदते हैं। तीसरी बार कप्तान एक बर्तन का इस्तेमाल जोर से शोर करने के लिए करता है। अंत में, कप्तान के निर्देशों के अनुसार वे सैनिक डट कर खड़े रहते हैं।

## याद करने की आयत - पाठ 3
"इसलिए आप परमेश्वर के अस्त्र-शस्त्र से सुसज्जित हों, जिससे आप दुर्दिन में शत्रु का सामना करने में समर्थ हों और अन्त तक अपना कर्त्तव्य पूरा कर विजय प्राप्त करें।" इफिसियों 6:13

## मुख्य पाठ - पाठ 3
प्रेरितों के काम 6:8-15, 7:51-60
जैसा कि हम परमेश्वर के हथियार और प्रेरितों के काम का अध्ययन करते हैं, तो यह पहचानना काफी महत्वपूर्ण है कि हम परमेश्वर के हथियार को तभी धारण करते हैं जब हम इसे जीते हैं। आप अपने सत्य की पटुका को पहनने के लिए प्रार्थना नहीं कर सकते। जैसा आप अपने मुंह से सच बोलते हैं, और अपने हृदय में परमेश्वर की सत्य पर विश्वास करते हैं, तो आपकी सत्य का हथियार तैयार हो जाता है। न ही आप विश्वास की अपनी □ल लेने के लिए प्रार्थना कर सकते हैं। जब आप विश्वास के साथ जीते हैं, और परमेश्वर क्या कहते हैं उस पर विश्वास करते हैं न कि लोग क्या कहते हैं, तो आपके हाथ में विश्वास की □ल आ जाता है और आप इसका इस्तेमाल दुश्मन से बचाने के लिए कर सकते हैं। आपके स्थिर रहने के लिए भी यही सिद्धांत लागू होता है। आप डटे रहने के लिए प्रार्थना के कुछ शब्दों का इस्तेमाल नहीं कर सकते। जब आप परमेश्वर पर विश्वास रखते और हार मानने से इनकार करते हैं, तो आप अपने स्थान में स्थिर बने रहते हैं।
प्रेरितों के काम की किताब में से आज की बाइबल कहानी में स्तिफुनुस हमारे लिए एक उत्तम उदाहरण है। वह एक धर्मी और बुद्धिमान व्यक्ति था, जिसने लगातार अपने हथियार को पहने रखे था। जब उसके विरुद्ध धार्मिक विरोध उठने लगा, तो वह अपने विश्वास में दृढ़ खड़ा रहा, भले ही यह उसके लिए एक निश्चित मौत थी।

यीशु मसीह के बारे में प्रचार करने के कारण धार्मिक अगुवे उनसे इतने नाराज थे कि उन्होंने भीड़ को हिंसा के लिए उकसाया और अंत में स्तिफुनुस को पथरवाह करके मार डाला। इस पूरी बाइबल कहानी के दौरान, स्तिफुनुस उस बात पर स्थिर खड़ा रहा जिसपर वह विश्वास करता था और जनता की राय के आधार पर अपनी राय को नहीं बदला। जब आप परमेश्वर पर विश्वास करते और इसके लिए सताए जाने के लिए तैयार रहते हैं, तो आप स्थिर खड़े हैं, और परमेश्वर के पूरे हथियार को पहनकर डटकर खड़े हैं!

## बूट शिविर - पाठ 3

### अमलीकरण – पाठ 3



स्कूल में एक बाइबल ले आओ और इसे अपने बैग या थैले में मत छिपाओ। आप जिनपर विश्वास करते हैं उसके लिए दृढ़ बनें और एक मसीही होने के कारण शर्मिंदा मत होइए।

### गृहकार्य (बड़े विद्यार्थी) – पाठ 3

प्रेरितों के काम 8-10 को पढ़ें

## पावरपॉइंट / निर्णय - पाठ 3

"मैं डटे रहने को चुनता हूं।"

## प्रश्न और उत्तर - पाठ 3

1. मानव जीवन के उतार-चढ़ाव क्या हैं?

उदाहरण: एक विद्यार्थी को एक सेमेस्टर में अच्छे ग्रेड मिलते हैं और दूसरे विद्यार्थी को बहुत खराब मिलता है। एक व्यक्ति जो एक दिन बहुत खुश होता है और अगले दिन दुखी हो जाता है। एक व्यक्ति जिसके पास बहुत पैसा है, लेकिन सब खो देता है और गरीब बन जाता है। एक व्यक्ति जो कहता है कि वह मजबूत है और पाप नहीं करता, लेकिन तभी किसी गंदे पाप में पाया जाता है।

2. हमें शैतान के विरुद्ध कब खड़े होने की ज़रूरत है?

जब हम झूठ बोलने के लिए प्रलोभित होते हैं। जब हमें कोई उस जगह में प्रवेश करने का आग्रह करता है जहां अवयस्क को प्रवेश नहीं करना चाहिए, या जब हम उस पेन को चुराने वाले होते हैं जिसे हम बहुत पसंद करते हैं। हमें हमेशा दृढ़ बने रहना चाहिए क्योंकि हम निरंतर युद्ध में हैं।

3. दृढ़ बने रहने के लिए वह सबसे महत्वपूर्ण काम कौन सा है जो हमें करना होगा?

हम इस तरह से जीना सीखें कि हम हमेशा अपने हथियारों को पहने रहें।


4. वह कौन था जिसका चेहरा स्वर्गदूत के समान चमक रहा था जब उस पर झूठे आरोप लगाए गये?

स्तिफुनुस

5. मरने से पहले स्तिफुनुस ने क्या कहा था?

"हे प्रभु, यह पाप उन पर मत लगाइये।" प्रेरितों के काम 7:56 और प्रेरितों 7:59-60

## खेल: युद्ध - पाठ 3



### सामग्रियां

गेंद, भूरा टेप

### तैयारी

फर्श या जमीन पर खिलाड़ियों की स्थिति के लिए निशान लगाएं।

### खेल को खेलना

1. अपनी कक्षा को दो समूहों में बाँटें, यदि आपके पास 20 से अधिक विद्यार्थी हैं, तो हमारा सुझाव है कि आप प्रत्येक टीम में 8 से अधिक खिलाड़ियों के साथ अलग अलग भागों में खेलें।
2. खिलाड़ी उन निशानों में खड़े होते हैं जिनपर पहले ही फर्श या जमीन पर निशान लगाया गया था जिनके बीच कम से कम एक हाथ की दूरी का फ़ासला था।

3. शिक्षक गेंद को धीरे से फेंकता है। एक टीम एक तरफ गेंद को गोल में पहुंचाने की कोशिश करती है, और दूसरी टीम दूसरी तरफ गोल करने की कोशिश करती है।


4. खिलाड़ी अपने स्थान से हिल नहीं सकते और केवल गोल घूम सकते हैं, केवल एक समय में एक पैर को हिला सकते हैं जब तक कि वे गोल न कर दें।

## विकल्प


1. आप फर्श पर अंदर खेल सकते हैं और रंगीन टेप से निशान लगा सकते हैं।
2. खिलाड़ियों को खड़े होने के बजाय कुर्सियों में बैठाया जा सकता है।

## पहेली उत्तर - पाठ 3

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प्रा | थ | व | ल | र | ह | सी | उ | धा | र | थ |
| स | र्थ | स्ति | रू | स्व | र्ग | लें। | यु | ले | की | रा |
| नु | व | ना | ले | र्थ | औ | व | वा | प्रा | हों | ता |
| स्ति | र | धा | की | ब | रू | ने | ब | यी | फ | ह |
| फ | प्र | भु | ता | लें। | गा | ना | स्ति | व | शु | रू |
| दि | र्थ | व | पा | ल | ह | ब | फ | प्रा | य | र |
| श | ज्य | गा | | वि | त्रा | त्मा | नु | र्थ | र्थ | भु |
| प्रा | ह | रो | धा | थ | सी | ला | स | ना | धा | टा |
| ले | आ | र | ल | य | रा | ले | र | क | बे | थ |
| स्व | र | हों | ना | ब | चा | [illegible] | स्व | र्थ | थ् | प्रा |







# पाठ 4

## शीर्षक - पाठ 4


सत्य का पटुका

## बाइबल कहानी - पाठ 4

हनन्याह और सफीरा

प्रेरितों के काम 5:1-10

## पदक - पाठ 4



आज का उपस्थिति पदक:

प्रत्येक विद्यार्थी जिसने पिछले हफ़्ते "बूट शिविर" अमलीकरण किया था उसे यह "रिबन" मिलता है:






प्रत्येक विद्यार्थी, जिसने पिछले हफ़्ते प्रेरितों के काम पढ़ने के गृहकार्य को पूरा किया, उसे एक सितारा मिलता है।

प्रत्येक विद्यार्थी जो पिछले हफ़्ते की याद करने की आयत को बोल सकता है, उसे एक सितारा मिलता है।

## नाटक - पाठ 4

सैनिक गुदगुदी बैरक में सैनिक ड्यूटी के प्रति कुछ असत्य बात के बारे में चिल्लाती है, और अपने बेल्ट को पीछे छोड़ देती है। एक प्रशिक्षण मिशन पर, सैनिक गुदगुदी सैनिक ड्यूटी से उपकरणों को उधार मांगते रहती है। जब कप्तान ईमानदार ने गुदगुदी से उसके हथियार के बारे में पूछा, तो वह झूठ बोलती है। अंत में, गुदगुदी ने कप्तान के सामने स्वीकार किया कि वह अपनी बेल्ट पीछे छोड़ आई है, और झूठ बोलने के लिए सैनिक ड्यूटी से माफी मांगती है और अपने बेल्ट को वापस लेने चली जाती है।

## याद करने की आयत - पाठ 4

"आप सत्य का कमरबन्द कस कर..." इफिसियों 6:14a

## मुख्य पाठ - पाठ 4

प्रेरितों के काम 5:1-10

इफिसियों के अध्याय 6 में उल्लिखित हथियार का पहला हिस्सा सत्य का पटुका है, कुछ ऐसा जो सैनिक की कमर के चारों ओर बाँधा जाता है और पूरे कवच को एक साथ थाम के रखने में मदद करता है। पटुका सैनिक के कवच को टिकाये रखता है, तलवार को उसकी जगह पर रखता है, और कुछ ऐसा होता है जो कोई अन्य सैनिक नहीं छीन सकता। वास्तव में, अगर किसी सैनिक के पास सत्य का पटुका नहीं होता, तो शायद उनके कपड़े भी नीचे उतर जाते, और उनको सबके सामने शर्मिंदा होना पड़ता!

सत्य का एक हिस्सा हमारे मुंह से निकलता है। हमें ऐसे मसीही होना चाहिए जो केवल सच बोलें, अपने माता-पिता या परमेश्वर से झूठ न बोलें। लेकिन सत्य के पटुका का एक और हिस्सा यह है कि हम परमेश्वर और उसके वचन पर विश्वास करने का चुनाव करते हैं। वास्तविकता यह है कि हमारा दुश्मन, शैतान हमेशा झूठ बोलने की कोशिश करता है और हमें इसे बातों पर विश्वास दिलाता है जो सच नहीं होता।

आज की बाइबल कहानी में, हनन्याह और सफीरा ने एक झूठ पर विश्वास किया कि अगर वे शिष्यों के प्रति ईमानदार नहीं होंगे तो यह कोई महत्वपूर्ण बात नहीं थी। उन्होंने बहाना बनाया कि उन्होंने अपनी संपत्ति कम पैसों में बेची थी जबकि उन्हें वास्तव में ज्यादा मिला था। उन्होंने उस शत्रु पर विश्वास किया जिसने उन्हें यह सोचने पर मजबूर कर दिया कि परमेश्वर उन्हें नहीं देख सकता या बिक्री के बारे में कुछ नहीं जानता है। लेकिन परमेश्वर सब कुछ देखते हैं। चेले परमेश्वर के प्रतिनिधि थे। चूँकि उन्होंने चेलों से झूठ बोला, इसलिए वास्तव में उन्होंने परमेश्वर से झूठ बोला। उन्होंने अपनी बिक्री के बारे में सत्य को छिपा रखा क्योंकि उन्होंने उस झूठ पर विश्वास किया जो शैतान ने उनके कानों में फुसफुसाया था। आप किन झूठों पर विश्वास कर रहे हैं जिसके कारण आपका हथियार गिर सकता है? यह ज़रूरी है कि हम हमेशा सत्य बोलकर और हमेशा परमेश्वगर और उसके वचन के विषय में सच्चाई पर विश्वास करते हुए सत्य का पटुका पहने रहें।

## बूट शिविर - पाठ 4

### अमलीकरण – पाठ 3



उस एक झूठ के बारे में सोचो जो आपने कभी बोला था और इसे लिख दो। कोई बात नहीं अगर यह पुराना हो, लेकिन इतना पुराना न हो जब कि आप बहुत छोटे बच्चे थे। अब उन सभी झूठों को लिखों, जिन्हें पहले झूठ को छिपाने के लिए बोला गया था। यह भी लिखें कि उस झूठ की वजह से किसे चोट लगी?

### गृहकार्य (बड़े विद्यार्थी) – पाठ 4

प्रेरितों के काम 11-13 पढ़ें

## पावरपॉइंट / निर्णय - पाठ 4

"मैं ईमानदारी के साथ रहना पसंद करता हूं।"

## प्रश्न और उत्तर - पाठ 4

1. अगर आप ईमानदार नहीं रहे हैं, तो आपके सत्य का क्या होता है? क्या यह आपके हथियार के अन्य हिस्सों को प्रभावित करेगा?
सत्य का पटुका तब काम नहीं करता है जब हम झूठ बोलते हैं या जब हम बेईमान होते हैं, और इस तरह जीने से हमारे पूरे जीवन को नुकसान होगा। पटुका या बेल्ट आपकी पैंट या आपके हथियार के अन्य हिस्सों को संभाले रखती है। ईमानदारी के बिना, लोग हम पर विश्वास नहीं करेंगे।
2. ऐसी कौन सी विशिष्ट स्थिति है जहाँ आप 'झूठ' नहीं बोल रहे हैं लेकिन आप 'ईमानदार' भी नहीं हैं?
विद्यार्थियों को ऐसी स्थिति के बारे में सोचने दें। उदाहरण: आप स्कूल जाते हैं, लेकिन पढ़ाई नहीं करते हैं या दिए गये काम को नहीं करते हैं। आप अपने माता-पिता से कहते हैं कि आप अपने दोस्तों के साथ थे लेकिन आप उन्हें यह नहीं बताते कि आप क्या कर रहे थे। या, आप अच्छे नम्बर के साथ अपनी परीक्षा में उत्तीर्ण होते हैं, लेकिन आप यह नहीं कहते कि आपने अपने किसी दोस्त के उत्तरों की नकल की है।
3. झूठ बोलने का परिणाम क्या होता है?
विश्वास नष्ट हो जाता है। उदाहरण: आप अपनी माँ से झूठ बोलते हैं, और जब वह आपके झूठ को पकड़ लेती है, तो वह लंबे समय तक उस बात पर विश्वास नहीं कर पाती जिसे आप कहते हैं कि सच है। एक और नतीजा यह होता है कि आपको झूठ को याद रखने के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ती है और इसे हर समय एक ही "कहानी" में रखना होता है। यह आसान नहीं है। यदि आप एक बार भी फिसल जाते हैं, तो आपको 'झूठे' के रूप में जाना जाता है।
4. हनन्याह और सफीरा दोनों ने अपनी संपत्ति की बिक्री के बारे में एक ही कहानी कैसे बताई, हालांकि उन्होंने पतरस से 3 घंटे अलग अलग बातें की?
यह कहानी एक सुनियोजित झूठ थी: पूर्व-निर्धारित। प्रेरितों के काम 5: 2,9
5. हनन्याह और सफीरा ने किससे झूठ बोला था? जब लोग आज झूठ बोलते हैं, तो वे किससे झूठ बोलते हैं?
उन्होंने सोचा कि यह पतरस था, लेकिन उन्होंने कहा कि यह परमेश्वर था।
प्रेरितों के काम 5: 4

## खेल: युद्ध - पाठ 4

### सामग्रियां

सीटी

### खेल को खेलना



विद्यार्थी सामने की ओर एक पंक्ति में खड़े होते हैं। (शिक्षक और विद्यार्थियों के बीच कम से कम 12 मीटर की एक दूरी छोड़ें) शिक्षक दूसरी तरफ मुड़ जाता है और जोर से चिल्लाता है "भागो।" बच्चे शिक्षक की ओर दौड़ते हैं। तब शिक्षक चिल्लाता है "फ्रीज़" और बच्चों को अपने अपने स्थान में रूक जाना होता है। तब चिल्लाएं "पीछे मुड़ो" और बच्चों को पीछे मुड़ना होता है ... फिर "भागो" और तब दूसरी दिशा में भागना होता है। इस तरह अलग अलग चीजों को चिल्लाते रहें (जैसे धीरे-धीरे भागो, कूदो, आदि)। जब पहला विद्यार्थी शिक्षक के पास पहुंच जाता है, तो वह अगुवा बन जाता है, और खेल फिर से शुरू हो सकता है।

### विकल्प

1. कोई निर्देश देने से पहले सीटी बजाएं, ताकि बच्चे सुन सके कि क्या करना है (ताकि आपको इतनी जोर से चिल्लाने की ज़रूरत न पड़े)।

2. अगर आपके पास ज्यादा जगह नहीं है, तो बच्चे दौड़ने के बजाय चल सकते हैं।

## पहेली उत्तर - पाठ 4

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स | द्धा | रु | त्न | र्थ | फी | रा | द | आ | उ | औ |
| फी | आ | ले | म | द | सं | मे | प | त्मा | त्न | फी |
| उ | प्रे | सा | रा | श्व | ले | प | न्या | पौ | लु | स |
| द | रि | ह | से | व | क | त्नी | त्ति | रु | श्व | य |
| प | त | र | स | दि | ह | द्धा | प | रा | ट | प |
| श्व | र | सं | ब | न्या | ब | त्न | दि | ह | फ | रु |
| पु | रु | मे | न | ले | पु | रु | षों | न्या | न | षों |
| झू | ठ | ह | श्व | स | म | र्थ | श्व | सं | मे | उ |
| रु | सा | प | त्ति | र | आ | दि | स | फी | रा | त्नी |
| औ | द | उ | सं | पै | रा | न्या | ह | सं | द्धा | श्व |
| त्नी | द्धा | फी | प | से | ह | प्रा | र्थ | ना | रु | आ |

आपके जीवन में परमेश्वर के 5 सत्य को लिखें।

### विचार:

परमेश्वर मेरा ख्याल रखते हैं।
परमेश्वर मुझे शक्ति देते हैं
परमेश्वर मेरा सहायक है।
परमेश्वर अपने वादे को पूरा करते हैं।
परमेश्वर मेरे जीवन के हर पल में मेरे साथ हैं।


---

ऐसे 5 उदाहरण लिखें जहां आप अपने जीवन में सत्य का पटुका (बेल्ट) पहन सकते हैं।

### विचार:

जब कोई दोस्त गलत काम करता है और मुझे इसके बारे में पता है।
मेरे शिक्षकों को सच बताओ।
जब वे मुझसे पूछते हैं कि क्या मैंने किसी परीक्षा में नक़ल की है।
अतिशयोक्तिपूर्ण कहानियाँ नहीं।
जब मैं गलत करता हूं, तो मेरी गलती स्वीकार करता हूं।





# पाठ 5

## शीर्षक - पाठ 5

धार्मिकता की झिलम

## बाइबल कहानी - पाठ 5

कुरनेलियुस

प्रेरितों के काम 10: 9-23

## पदक - पाठ 5



आज का उपस्थिति पदक:
प्रत्येक विद्यार्थी जिसने पिछले हफ़्ते "बूट शिविर" अमलीकरण किया था उसे यह "रिबन" मिलता है:




प्रत्येक विद्यार्थी, जिसने पिछले हफ़्ते प्रेरितों के काम पढ़ने के गृहकार्य को पूरा किया, उसे एक सितारा मिलता है।

प्रत्येक विद्यार्थी जो पिछले हफ़्ते की याद करने की आयत को बोल सकता है, उसे एक सितारा मिलता है।



## नाटक - पाठ 5

सैनिक गुदगुदी और ड्यूटी को उनके कंकड़-प्रूफ कवच अभी अभी प्राप्त हुए है। सैनिक गुदगुदी ने सैनिक ड्यूटी के साथ एक खेल शुरू किया जहां वे एक-दूसरे की छाती पर कंकड़ मारते हैं। बेशक, कवच के कारण उन्हें चोट नहीं लगी। प्रशिक्षण के दौरान, कप्तान ईमानदार उन्हें मुलायम "कंकड़" देता है और उन्हें टीमों में विभाजित करता है। गुदगुदी अपने कवच को भूल गई है। जब प्रशिक्षण शुरू होता है, तो वह इन मुलायम कंकड़ की मार से बच नहीं पाती।

## याद करने की आयत - पाठ 5

"...धार्मिकता का कवच धारण करें..." इफिसियों 6:14b

## मुख्य पाठ - पाठ 5


**प्रेरितों के काम 10: 9 -23**

इफिसियों के अध्याय 6 से परमेश्वर के हथियार का अगला हिस्सा धार्मिकता की झिलम है। धार्मिकता ईश्वरीय चरित्र को दिखाती है, या जो सही, अच्छा और विश्वासयोग्य है, उसे करना। प्रभु के सामने जो सही है उसे लगातार करने का कार्य हमारे झिलम को अपने जगह पर संभालता है। परमेश्वर हमें पवित्रशास्त्र में बुद्धिमान होने और सही काम करने के लिए कहते हैं। जब हम ऐसा करते हैं, तो हम यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि हमारे पास हमारे झिलम हैं, और यह कि युद्ध के दौरान हमारे हृदय पूरी तरह से सुरक्षित हैं। झिलम के बारे में कुछ बहुत ही विशेष है, यह हमारे हृदय को सुरक्षित रखता है जो एक महत्वपूर्ण अंग है, लेकिन केवल सामने की ओर से। जब हम इसे पहनते हैं, तो हम घायल हो सकते हैं लेकिन फिर भी उठ सकते और चल सकते हैं। हालांकि, हमें लड़ाई का सामना करने की आवश्यकता है क्योंकि झिलम केवल सामने की ओर से □प्ता है। अगर हम पीछे मुड़ते हैं तो यह हमारी रक्षा नहीं करता है।

ईश्वरीय चरित्र और धार्मिकता क्या है? हमें कैसे पता चलेगा कि हमारे पास ये हैं? बाइबल बताती है कि कुरनेलियुस एक भक्त और परमेश्वर का भय मानने वाला व्यक्ति था, जो उदारता से दान देता और नियमित रूप से प्रार्थना करता था। बाइबल यह भी कहती है कि सभी यहूदी लोग उसका सम्मान करते थे। दूसरों को पता चल जाता है जब आप धर्मी होते हैं, क्योंकि समय के साथ यह स्पष्ट दिखता है। कुरनेलियुस के पास उसकी धार्मिकता की झिलम थी। उस समय, यहूदियों के लिए अन्यजातियों के साथ जुड़ना या यहाँ तक कि उनसे मिलना भी नियम के विरुद्ध था। (प्रेरितों 10:28) परमेश्वर ने पतरस को एक दर्शन दिया ताकि वह कुरनेलियुस के साथ सुसमाचार को बाँट सके। क्योंकि कुरनेलियुस एक धर्मी व्यक्ति था, परमेश्वर ने उसे और उसके पूरे परिवार को बचाने के लिए किसी को (नियम के विरुद्ध) भेजा!

## बूट शिविर - पाठ 5

### अमलीकरण – पाठ 5



आप ऐसे किसे जानते और सम्मान करते हैं जिस तरह से वे जीते हैं और दूसरों के साथ व्यवहार करते हैं? (जैसे कि आज की बाइबल कहानी में कुरनेलियुस की तरह) उनके अच्छे जीवन का एक प्रमाण बताते हुए एक वाक्य लिखें, और फिर उन्हें इसके बारे में बताएं।

### गृहकार्य (बड़े विद्यार्थी) – पाठ 5

प्रेरितों के काम 14-16 को पढ़ें

## पावरपॉइंट / निर्णय - पाठ 5

"मैं हमेशा सही काम करने का चुनाव करता हूं।"


## प्रश्न और उत्तर - पाठ 5

1. आपने अपने जीवन की किन परिस्थितियों में दिखाया है कि आपने धार्मिकता की झिलम पहनी है और किन स्थितियों में नहीं पहनी?
हाँ: आप एक बूढ़े आदमी को सड़क पार करने में मदद करते हैं। अपनी माँ को अपने घर को नियमित रूप से साफ़ करने में मदद करते हैं। अपनी चीज़ों को अपने छोटे भाई से साझा करते हैं। नहीं: स्कूल में छोटे बच्चों को परेशान करना। अपने भाई का मज़ाक उड़ाना। किसी परीक्षा में अपने मित्र को खराब प्रदर्शन करने के लिए मजबूर करना।
2. बताइए कि धार्मिकता कैसे नकली हो सकती है।
वास्तविक नामों का इस्तेमाल किए बिना, एक ऐसे परिवार के बारे में बताओ जो चर्च में अच्छा दिखता है। घर पर वे एक दूसरे पर चिल्लाते हैं, बहुत लड़ते हैं। वे इस बात में घमंड करते हैं कि उन्होंने कैसे किसी को आर्थिक रूप से धोखा दिया था। वे गंदे चुटकुले सुनाते हैं या परमेश्वर के नाम व्यर्थ में इस्तेमाल करते हैं।
3. किन परिस्थितियों में आप शर्मिंदा होने के बजाय कुछ भी नहीं करना चुनते हैं?
आप किसी ऐसे व्यक्ति को प्रोत्साहित न करने चुनाव कर सकते हैं, जो लोकप्रिय न हो, लेकिन उसे इसकी ज़रुरत होती है। आप किसी के लिए प्रार्थना नहीं करना चुनते हैं क्योंकि अन्य विद्यार्थी आपके आसपास हैं।
4. पतरस किसके घर मिलने गया था? यह असामान्य क्यों था?
परमेश्वर ने उसे कुरनेलियुस से मिलने के लिए भेजा। वह यहूदी नहीं था, और यहूदी आम तौर पर दूसरों के साथ घुलते मिलते नहीं थे।
5. कुरनेलियुस किन तरीकों से अपने इलाके के दूसरे लोगों से अलग था?
कुरनेलियुस एक उच्च अधिकारी होते हुए भी दयालु थे। उन्होंने अपने परिवार की अच्छी देखभाल की थी। उसने स्थानीय यहूदियों की मदद करके परमेश्वर का आदर किया था।

## खेल: आत्मरक्षा - पाठ 5

### सामग्रियां

भूरा टेप, प्रत्येक विद्यार्थी के लिए एक डिस्पोजेबल कप, 1-2 गेंदें



### तैयारी

टेप की एक लाइन से खेल के मैदान को विभाजित करें।

### खेल को खेलना


1. अपनी कक्षा को दो समूहों में बाँटें और उन्हें पंक्ति के बगल में खड़ा करें। प्रत्येक विद्यार्थी को एक कप दें। और वे चुनते हैं कि उनके बगल में अपना कप वे कहाँ रखेंगे। (लाइन से 6 मीटर से अधिक दूर नहीं) फिर विद्यार्थी लाइन और उनके कप के बीच खडे होते हैं।

2. किसी एक टीम को एक गेंद दें। उस टीम का एक प्रतिभागी इसे दूसरी टीम के कप को गिराने की कोशिश करते हुए लाइन के दूसरी तरफ सरकाता है जबकि अन्य प्रतिभागी अपने हाथों और पैरों से अपने कप की सुरक्षा करते हैं। एक विद्यार्थी जो गेंद को पकड़ता है, उसे दूसरी दिशा की ओर उछालता है। हर बार जब कोई कप गिरता है, तो वह विद्यार्थी खेल से बाहर हो जाता है और अपने कप के साथ उसकी तरफ इंतजार करता है। यदि खेलने के कुछ मिनटों तक भी कोई कप नहीं गिरता है, तो एक और गेंद को जोड़ें ताकि एक ही समय में दो गेंद हों। 5 मिनट के बाद खेल को समाप्त करें, और विद्यार्थियों को फिर से शुरू करने दें।

### विकल्प

विद्यार्थियों से अधिक कप का इस्तेमाल किया जा सकता है ताकि उन्हें एक कप से अधिक की रक्षा एक ही समय में करनी पड़े।

## पहेली उत्तर - पाठ 5





# पाठ 6

## शीर्षक - पाठ 6

शांति के सुसमाचार के जूते

## बाइबल कहानी - पाठ 6

फिलिप्पुस और इथियोपियाई अधिकारी

प्रेरितों के काम 8: 26-40






## पदक - पाठ 6

आज का उपस्थिति पदक: 

प्रत्येक विद्यार्थी जिसने पिछले हफ़्ते "बूट शिविर" अमलीकरण किया था उसे यह "रिबन" मिलता है:




प्रत्येक विद्यार्थी, जिसने पिछले हफ़्ते प्रेरितों के काम पढ़ने के गृहकार्य को पूरा किया, उसे एक सितारा मिलता है।

प्रत्येक विद्यार्थी जो पिछले हफ़्ते की याद करने की आयत को बोल सकता है, उसे एक सितारा मिलता है।

## नाटक - पाठ 6

आज सैनिक गुदगुदी लगातार हर बात में शिकायत और चिंता कर रही है। सैनिक गुदगुदी अपने जूते लेना भूल गई है और प्रशिक्षण अभ्यास के दौरान अपने नंगे पैर को चोट पहुँचाती रहती है, जिससे उसे ज्यादा शिकायत और चिंता भी होती रहती है। कप्तान ईमानदार ने सैनिक गुदगुदी को याद दिलाया कि सेनापति यीशु उनकी देखभाल करते हैं और फिर उसे शिकायत छोड़ने और अपने जूते लाने को कहता है।

## याद करने की आयत - पाठ 6

" और शान्ति का शुभ समाचार सुनाने के लिए उत्साह की चप्पल पहन कर खड़े हों।" इफिसियों 6:15

## मुख्य पाठ - पाठ 6

**प्रेरितों के काम 8:26-40**

अब हमारे जूते पहनने का समय आ गया है ताकि हम आगे बढ़ने के लिए तैयार हो जाएँ! इसका अर्थ है कि हम सुसमाचार को बाँटने के लिए तैयार हैं, या किसी भी समय मानने के लिए तैयार हैं, या सही काम करने को जाने के लिए तैयार हैं।

हम अपने पैरों में जो पहनते हैं वह हमारी स्थिरता और हमारी गतिशीलता को निर्धारित करता है। हम कौन से जूते पहनते हैं, उसी पर आधारित होता है कि हम कितनी दूर तक चल सकते हैं या आराम से चल सकते हैं। गलत जूतों का चुनाव हमें अपंग कर सकता है, हमें धीमा कर सकता है, और हमें आगे बढ़ने की रेखा से बाहर कर सकता है। एक सिपाही जो नंगे पांव है, वह असली मुसीबत में पड़ सकता है। उन अंतिम बातों में से एक जिसके बारे में हमें चिंता करनी चाहिए वह यह है कि हम युद्ध में कहाँ कदम रखते हैं। जूते हमें स्वतंत्र रूप से और बिना किसी डर के कदम रखने की अनुमति देते हैं, जब हम अपना पूरा ध्यान लड़ाई में लगाते हैं। मसीह की देह को परमेश्व र के राज्य का सुसमाचार सुनाने के लिए भेजा गया है, जो पूरी दुनिया में मसीह की शांति का मार्ग तैयार करेगा। अपने जूते पहने रहने से, हम आगे बढ़ने और दूसरों तक सुसमाचार फैलाने के लिए तैयार होते हैं।

प्रेरितों के काम से फिलिप्पुस की कहानी किसी ऐसे व्यक्ति की एक महान कहानी है जो सुसमाचार का प्रचार करने के लिए तैयार था। एक स्वर्गदूत उसे उठने और जाने के लिए कहता है, और उसे शहर के किस सड़क में जाना है, उसके बारे में निर्देश देता है। जब वह आता है, तो

प्रभु उसे एक निश्चित वाहन तक दौड़ने के लिए कहता है। फिलिप्पुस आदमी से पूछता है कि क्या वह जो पढ़ रहा है, उसे समझता है। वह उसे रथ में आमंत्रित करता है, और फिर वह उससे सुसमाचार बाँटने लगता है। इथियोपियाई अधिकारी ने मसीह को चुनने का फैसला किया और बपतिस्मा लेने के लिए रथ को वहीं रोक दिया! फिलिप्पुस ने उसे बपतिस्मा दिया, लेकिन जब वे पानी से बाहर आए तो फिलिप्पुस अदृश्य हो गया! सुसमाचार का प्रचार जारी रखने के लिए प्रभु का आत्मा फिलिप्पुस को कहीं और ले गया। किसी ऐसे व्यक्ति की क्या की अद्भुत सच्ची कहानी जो सुसमाचार को बाँटने के लिए जाने और बाँटने को तैयार था!

## बूट शिविर - पाठ 6

### अमलीकरण – पाठ 6



यह पता लगाने का समय है कि किसी व्यक्ति को सुसमाचार के बारे में बताने के लिए तैयार नहीं होने पर कैसा लगता है। सबसे पहले, अपने जूते के बिना सड़क पर चलने या या दौड़ने की कल्पना करें। आउच! इसके बाद, आप उस व्यक्ति से क्या कहेंगे जिसने आपसे पूछा कि एक मसीही कैसे बन सकते हैं।

### गृहकार्य (बड़े विद्यार्थी) – पाठ 6

प्रेरितों के काम 17-19 को पढ़ें

## पावरपॉइंट / निर्णय - पाठ 6

"मैं परमेश्वर के साथ एक अच्छा रिश्ता रखना चाहता हूं और हमेशा उनकी सेवा करने के लिए तैयार रहना चाहता हूं।"

## प्रश्न और उत्तर - पाठ 6

1. किस परिस्थिति में आपको अचानक खुद को तैयार किए बिना, सुसमाचार को बाँटने की जरूरत पड़ सकती है?
उदाहरण: ट्रेन में आपके पास बैठा व्यक्ति बाइबल के बारे में सवाल पूछता है। आपका दोस्त उदास है और अपने आप को मारना चाहता है। स्कूल में आपके शिक्षक आपसे कहते हैं कि परमेश्वर का अस्तित्व ही नहीं है।
2. अगर आपको चेतावनी दिए बिना किसी कक्षा की अगुवाई करनी हो तो आप किस विषय को पढ़ाएंगे?
विद्यार्थियों के लिए यह सोचना एक अच्छा सवाल है कि वे बाइबल में से किन विषयों के बारे में पढ़ा सकते हैं। पूरे इतिहास में परमेश्वर ने लोगों को अपनी उम्र के दूसरे लोगों से बात करने के लिए इस्तेमाल किया है।
3. भय के सुसमाचार की तुलना में "शांति" का सुसमाचार क्या है?
वास्तविक रूप से, सुसमाचार बताता है कि केवल उद्धार पाना ही अनंत नर्क में जलने से बचने का एकमात्र तरीका है। लोग मरने से डरते हैं, और उस डर के कारण सुसमाचार सुनने को तैयार होते हैं। यह भी सच है कि हम सुसमाचार को जीने के सर्वोत्तम तरीके के रूप में भी प्रस्तुत करते हैं। हम शांति का अनुभव कर सकते हैं चाहे हमारे आसपास कुछ भी हो रहा हो। हम अपने लिए परमेश्वर के प्रेम का अनुभव कर सकते हैं।
4. इथियोपियाई अधिकारी ने फिलिप्पुस से क्या पूछा?
उन्होंने उन आयतों के अर्थ के बारे में पूछा जो वे पढ़ रहे थे।
5. जब इथियोपियाई अधिकारी ने पानी देखा, तो उसने क्या मांग की?
बपतिस्मा लेने की

## खेल: आत्मरक्षा - पाठ 6



### सामग्रियां

भूरा टेप या तार

### तैयारी

टेप के साथ दो समानांतर रेखाएं बनाएं, एक दूसरे से कम या ज्यादा से ज्यादा छह मीटर दूर हो, और तीन मीटर चौड़ा हो।

### खेल को खेलना

एक विद्यार्थी को चुनें जो दूसरों के भागने के दौरान लाइनों के बीच खड़ा होगा। वे सभी जिनको वह छूता है, उन्हें अपने स्थान पर खड़ा होना होगा, और वहां वे अपने सिर, कंधों, घुटनों और पैरों को छूते रहेंगे। दौड़ते हुए बच्चों को सावधान रहना चाहिए कि छूए जाने और फ्रीज़ होने से बचे, लेकिन वे किसी ऐसे बच्चे को छू सकते हैं जो पहले से फ्रीज़ हैं ताकि वे फिर से दूसरों के साथ दौड़ सके।

जब वे लाइन पर पहुंचते हैं, तो उन्हें दूसरी लाइन पर लौटने के लिए संकेत का इंतजार करना चाहिए और चुने हुए विद्यार्थी को बदलकर और दूसरे स्वयंसेवक को नियुक्त करके खेल को जारी रखें।


## विकल्प


हर बार जब लाइनों के बीच विद्यार्थी को बदला जाता है, तो आप उन निर्देशों को बदल सकते हो जिन्हें नए विद्यार्थी द्वारा पालन किया जाना होगा।

इन निर्देशों में से एक यह हो सकता है कि वह अपनी उंगलियों से चुटकी बजाता रहे या अपनी जगह पर मार्च (कदमताल) करता रहे।

## पहेली उत्तर - पाठ 6

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क | प्र | या | थि | फि | ई | शां | अ | ब | स्मा |
| खो | जा | चा | त्रा | रू | लि | अ | ब | प | ड़ |
| ब | अ | ल | र | थ | ले | प्पु | ज | ति | शां |
| ड़ | धि | र | बी | त्रा | र | ई | स | स्मा | स |
| इ | का | आ | त्मा | ह | या | ग | ड़ | रू | इ |
| व | री | प | य | पि | अ | धि | क | री | क |
| या | त्रा | ति | यो | रू | वि | प | ति | घ्र | स्मा |
| ळ्र | क | थि | स | अ | श | शां | ळ | थि | थि |
| क्र | इ | ति | न | ज | थि | ले | ख | ह्र | ड़ |
| स्मा | रू | ई | का | बी | प्पु | स | म | ड़ | क |







# पाठ 7

## शीर्षक - पाठ 7

विश्वास की □ल

## बाइबल कहानी - पाठ 7

पौलुस और जहाज़ की तबाही

प्रेरितों 27:21-37, 28:1

## पदक - पाठ 7



आज का उपस्थिति पदक:

प्रत्येक विद्यार्थी जिसने पिछले हफ़्ते "बूट शिविर" अमलीकरण किया था उसे यह "रिबन" मिलता है:




प्रत्येक विद्यार्थी, जिसने पिछले हफ़्ते प्रेरितों के काम पढ़ने के गृहकार्य को पूरा किया, उसे एक सितारा मिलता है।

प्रत्येक विद्यार्थी जो पिछले हफ़्ते की याद करने की आयत को बोल सकता है, उसे एक सितारा मिलता है।

## नाटक - पाठ 7

आज कप्तान ईमानदार ने सैनिक ड्यूटी और सैनिक गुदगुदी को नई □ल दी। प्रशिक्षण में, सैनिक □ल का इस्तेमाल कोर्स के दौरान खुद को पानी के फ़व्वारे से बचाने के लिए करते हैं। सैनिक ड्यूटी □ल के साथ बेहतर और बेहतर हो जाती है और पाठ्यक्रम को केवल थोड़ा ही गीला होकर पूरा करती है। लेकिन गुदगुदी अपनी □ल को भूल गई थी और पूरी तरह से भीग जाती है।

## याद करने की आयत - पाठ 7

"साथ ही विश्वास की □ल धारण किये रहें। उस से आप दुष्ट के सब अग्निमय बाण बुझा सकेंगे।" इफिसियों 6:16

## मुख्य पाठ - पाठ 7

**प्रेरितों 27:21-37, 28: 1**

आज हम विश्वास की □ल के बारे में सीख रहे हैं, जो सुरक्षा के लिए एक महान हथियार है क्योंकि हम इसे चारों ओर ले जा सकते और ख़ास हमलों से खुद का बचाव कर सकते हैं। बाइबल बताती है कि हम इसका इस्तेमाल शत्रु के जलते हुए तीरों को बुझाने के लिए कर सकते हैं। यह ऐसा नहीं कहती है कि "अगर" तीर आते हैं बल्कि "जब" वे आते हैं, तब हम उनके विरुद्ध कमजोर नहीं होंगे। सच्चाई यह है कि दुश्मन लगातार हम पर हमला कर रहा है। आपका दुश्मन आपको जलते हुए तीरों से विचलित करना चाहता है और आपको गिराना चाहता है। उसने अपनी रणनीति को आपके लिए विशिष्ट बना रखा है। उसने आपकी आदतों, आपके गहरे डर और कमजोरियों का अध्ययन किया है, और विशेष रूप से उन क्षेत्रों में अपने तीरों का लक्ष्य बनाता है।

विश्वास परमेश्वर और उसके वचन पर विश्वास करना है, भले ही हम उसके आत्मिक साम्राज्य को न देख सके। हम जानते हैं कि परमेश्वर हैं भले ही हम उन्हें देख नहीं सकते हैं, और यही हमारे हृदय में विश्वास होता है। जब हमें विश्वास है, तो हम दुश्मन के इन निर्देशित हमलों को हरा सकते हैं।

प्रेरितों की पुस्तक से आज की बाइबल कहानी में, पौलुस एक भयानक तूफ़ान के दौरान समुद्र में एक जहाज पर था, और परमेश्वर उसे बताता है कि जहाज में मौजूद कोई भी तूफ़ान से नहीं मरेगा! पौलुस ने यह विश्वास करने को चुना कि परमेश्वर ने उससे बात की थी, भले ही वह परमेश्वर को नहीं देख सकता था। यह देखना रोमांचक है कि आगे पौलुस हर किसी को बताता है कि परमेश्वर ने उससे क्या कहा, और ताकत के लिए खाना खाने को कहा। न केवल पौलुस ने परमेश्वर पर विश्वास किया, बल्कि वह सार्वजनिक रूप से परमेश्वर के संदेश को दूसरों के साथ बाँटने और संदेश पर कार्य करने के लिए तैयार भी था! अगर जहाज में किसी की मृत्यु हो जाती तो वह बहुत शर्मिंदा होता। कभी-कभी हमें भी परमेश्वर के वचन के साथ सार्वजनिक रूप से जाने की आवश्यकता होती है, लोगों के बजाय परमेश्वर पर विश्वास करते हुए। क्या आप जिन बातों को देख नहीं सकते उनपर विश्वास करते हुए अपने विश्वास की □ल को उठाएँगे? इसी तरीके से आप दुश्मन के विरुद्ध जय पाएंगे और उसके धधकते हुए तीरों को बुझा देंगे!

## बूट शिविर - पाठ 7

### अमलीकरण – पाठ 7



इस हफ्ते उन चीजों की एक सूची लिखिए, जिन पर आप बाइबल के द्वारा विश्वास करते हैं, भले ही आपने उन्हें देखा न हों, लेकिन आप उन पर विश्वास करते हैं। आपकी सूची में से किस पर शत्रु आप पर विशेष रूप से हमला करेगा?

### गृहकार्य (बड़े विद्यार्थी) – पाठ 7

प्रेरितों के काम 20-22 को पढ़िए

## पावरपॉइंट / निर्णय - पाठ 7

"मैं परमेश्वर में विश्वास करने और उस पर भरोसा करने का चुनाव करता हूं।"

## प्रश्न और उत्तर - पाठ 7

1. वास्तविक जीवन में, "दुश्मन के जलते हुए तीर" क्या हैं?
उदाहरण: आपका शिक्षक कहता है कि मनुष्य बंदर से बनकर आया है और परमेश्वर नहीं है जिसने इन सभी चीजों को बनाया है। दूसरों का कहना है कि यीशु केवल एक अच्छा आदमी या गुरु था और परमेश्वर नहीं था। आपको डर है कि परमेश्वर आपके माता-पिता का जीवन नहीं बदल सकते।
2. सामान्य जीवन में विश्वास की □ल के साथ आप एक तीर को कैसे निष्क्रिय कर सकते हैं इसका एक विशिष्ट उदाहरण क्या है?
जब आप सुनते हैं कि परमेश्वर ने इस पृथ्वी को नहीं बनाई है, तो आप अपनी बाइबल खोलते हैं और उत्पत्ति 1 और 2 पढ़ते हैं और खुद को याद दिलाते हैं कि वास्तव में क्या हुआ था।
3. आप यह यकीन करने के लिए क्या करते हैं कि आप अपने विश्वास के बिना अपना घर न छोड़ें?
बाइबल कहती है कि विश्वास परमेश्वर के वचन को सुनने से आता है। हमें परमेश्वर के वचन को लगातार पढ़ना और सुनना चाहिए और आयतों को याद रखना चाहिए, इस तरह हम हमेशा विश्वास की □ल को लेकर चलेंगे। साथ ही, जब आप यह विश्वास करना चुनते हैं कि परमेश्वर क्या कहते हैं, इसके बजाय कि दूसरे क्या कहते हैं, तो आप विश्वास का प्रदर्शन कर रहे हैं।
4. आज की बाइबल कहानी में जब पौलुस जहाज पर था, तब वह कहाँ जा रहा था? उस जहाज पर कितने लोग थे?
(276) इटली की ओर। एक नक्शा लें और उन शहरों और बंदरगाहों को दिखाएं जहां वह इस यात्रा के दौरान गया। (सैदा, पतरा, कनिदुस, लूसिया, क्रेते, कौदा, माल्टा)
5. पौलुस ने कैसे जाना कि जहाज़ नष्ट हो जाएगा लेकिन तूफान की वजह से कोई नहीं मरेगा?
एक स्वर्गदूत उसके पास आया और उसे बताया। प्रेरितों 27:23-25



## खेल: ढाल - पाठ 7

### सामग्रियां

भूरा टेप, एक गत्ते का बॉक्स और रंगीन कागज

## तैयारी

फर्श पर हर तरफ डेढ़ मीटर के एक वर्ग बनाने के लिए मोटे टेप का इस्तेमाल करें और बॉक्स को बीच में रखें।

## खेल को खेलना

अपने समूह को चार टीमों में विभाजित करें जो अलग-अलग रंगों की कागज़ की गेंदें बनाते हैं। बच्चे बड़े चौकोल वर्ग के बाहर खड़े होते हैं और कागज की गेंदों को बॉक्स में फेंकने की कोशिश करते हैं। प्रत्येक टीम एक प्रतिनिधि चुनती है जो बड़े चौकोल वर्ग के अंदर घूम सकता है, और विरोधी टीमों के कागज़ गेंदों को रोकने की कोशिश करता है। अंत में, एक विद्यार्थी गत्ते के बॉक्स में रंगों के आधार पर अलग अलग करके गिनेगा। जिस टीम ने सबसे ज्यादा गेंदें हासिल की, वही जीतती है।

## पहेली उत्तर - पाठ 7

| | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| हा | ढा | न | त्सा | म | की | ज | हा | ज़ | न | ना | ढा |
| त्सा | ल | या | [illegible] | ला | ह | वि | त्सा | स्व | की | वि | मौ |
| ना | दू | मौ | फ्र | मु | ड्र | ब | श्चा | या | र्ग | क | फ्र |
| वि | भ | ब | र्ग | प्र | द्र | ब | आ़ | स | हा | दू | त्सा |
| की | न | त्सा | चा | प्रो | त्सा | ह | लु | न | की | रा | त |
| स्व | र्ग | दू | प | या | अ | पौ | ण़ | भ़ | जी | ल़ | ह |
| न | हा | ज़ | की | त | बा | ही | न | छ | व | मौ | या |
| न | हा | मौ | म | ढा | त्र | ह | घ | ध्र | न | ढा | ल |
| ह | व | ज | ल़ | थ | त्सा | स्र | प्र | दि | त्र | फ्र | ब |
| दि | र्ग | दू | र्ग | प्रो | हा | या | हि़ | र्ग | रा | प | दू |



# पाठ 8

## शीर्षक - पाठ 8

उद्धार का टोप (हेलमेट)

## बाइबल कहानी - पाठ 8

शाऊल का परिवर्तन


प्रेरितों के काम 9:1-19

## पदक - पाठ 8



आज का उपस्थिति पदक:

प्रत्येक विद्यार्थी जिसने पिछले हफ़्ते "बूट शिविर" अमलीकरण किया था उसे यह "रिबन" मिलता है:



प्रत्येक विद्यार्थी, जिसने पिछले हफ़्ते प्रेरितों के काम पढ़ने के गृहकार्य को पूरा किया, उसे एक सितारा मिलता है।

प्रत्येक विद्यार्थी जो पिछले हफ़्ते की याद करने की आयत को बोल सकता है, उसे एक सितारा मिलता है।

## नाटक - पाठ 8

सैनिक गुदगुदी हेलमेट को छोड़कर अपने सभी हथियारों को पहनकर आती है। चिंतित होकर, सैनिक ड्यूटी पूछती है कि गुदगुदी का हेलमेट कहां है। गुदगुदी कहती है कि उसके अन्य सभी हथियारों के साथ, वह पूरी तरह से सुरक्षित है और उसे हेलमेट की जरूरत नहीं है। प्रशिक्षण के दौरान, उसका सिर इधर उधार टकराता रहता है। तब कप्तान ईमानदार उसे याद दिलाता है कि अन्य हथियार  काफी नहीं है - उसे अपने टोप को पहनने की जरूरत है!

## याद करने की आयत - पाठ 8

"इसके अतिरिक्त मुक्ति का टोप पहन लें ..." इफिसियों 6:17अ

## मुख्य पाठ - पाठ 8

**प्रेरितों के काम 9:1-19**

यह महत्वपूर्ण है कि हम अपने उद्धार का टोप पहनें क्योंकि यह घातक हो सकता है अगर हमारे सिर को जोर का झटका मिले। हम अपने हेलमेट के प्रति कैसे सुनिश्चित हो सकते हैं? बाइबल यह स्पष्ट करती है कि हमारा उद्धार क्रूस पर यीशु मसीह के पूरे किये गए कार्य पर आधारित है। जब वह हमारे पापों के लिए मरा, तो उसने पूरी कीमत चुकाई और हमारे उद्धार को मोल लिया! हम अच्छे कर्मों के कारण स्वर्ग की ओर अपना रास्ता नहीं बना सकते हैं, बल्कि केवल यीशु मसीह पर भरोसा करने से ही हम उद्धार पाते हैं। उद्धार को अपने टोप के रूप में धारण करने के लिए हमें हर दिन किसी समारोह प्रार्थना करने की आवश्यकता नहीं है। यदि हमने अपने उद्धार के लिए प्रभु यीशु मसीह पर भरोसा किया है, तो हम अपना हेलमेट पहने हुए हैं!
आज की बाइबल कहानी में प्रेरितों के काम पुस्तक में परमेश्वर शाऊल के सामने एक चमत्कारी तरीके से प्रकट होते हैं। शाऊल, जो बाद में पौलुस बना, वह मसीहियों का मज़ाक उड़ा रहा था और उन्हें सता रहा था। एक दिन दमिश्क की सड़क पर, यीशु अचानक शाऊल के सामने स्वर्ग से एक प्रकाश की एक तेज़ चमक के साथ प्रकट होते हैं और शाऊल अंधा होकर ज़मीन में गिर पड़ता है। तीन दिन के बाद, परमेश्वर ने

उसे चंगा करने के लिए एक मसीही को भेजा और वह उसे मसीह में लाया। उस हफ़्ते शाऊल ने यीशु पर विश्वास किया और उद्धार पाया! यदि आप प्रार्थना करते हैं और अपने उद्धार के लिए प्रभु यीशु मसीह पर विश्वास करते हैं, तो आप अपने उद्धार के टोप को आज ही पहन सकते हैं।

मेरे साथ प्रार्थना करो, “प्रिय यीशु, आज मैं मानता हूँ कि मैं एक पापी हूँ और गलत काम किये हैं। मुझे विश्वास है कि आप मेरे पापों के लिए क्रूस पर मरे और फिर जी उठे। आप वास्तविक हैं। मैं आज आपको अपने हृदय में अपने परमेश्वर और उद्धारकर्ता के रूप में ग्रहण करता हूं। मुझे स्वीकार करने, प्यार करने और स्वर्ग में मुझे आपके साथ अनंत जीवन प्रदान करने के लिए धन्यवाद!"

## बूट शिविर - पाठ 8

### अमलीकरण – पाठ 8



अपनी बाइबल के पहले पृष्ठ पर लिखें कि आपने उद्धार की प्रार्थना कब और कहाँ की थी। यदि आप याद नहीं कर सकते, तो आप इसे अभी कर सकते हैं! एक विशेष स्थान पर जाएं (अपने बेडरूम में, अपने घर के पीछे, या चर्च में) और परमेश्वर से आपको क्षमा करने के लिए कहें। अपने जीवन के बलिदान के साथ आपके पापों की कीमत चुकाने के लिए प्रभु यीशु का धन्यवाद करें, और उसे अपने जीवन का प्रभु और मालिक होने के लिए प्रार्थना करें। उन्हें बताएं कि आप उनके लिए जीना चाहते हैं। आप अपनी बाइबल या अपने विद्यार्थी किताब के पहले पन्ने पर समय और स्थान लिखें।

### गृहकार्य (बड़े विद्यार्थी) – पाठ 8

प्रेरितों के काम 23-25 पढ़ें

## पावरपॉइंट / निर्णय - पाठ 8

"मैं अपने उद्धार के लिए प्रभु यीशु मसीह पर विश्वास करने का चुनाव करता हूं।"

## प्रश्न और उत्तर - पाठ 8

1. क्या आप अपने उद्धार के बारे में निश्चित हो सकते हैं?

प्रत्येक विद्यार्थी को इस सवाल का उत्तर देना चाहिए और एक कारण भी कि ऐसा क्यों है। यह विचार उनके लिए यह सुनिश्चित करना है कि यदि उन्होंने अपने दिलों को यीशु के लिए खोला और उन्हें अपने उद्धारकर्ता के रूप में स्वीकार किया है, तो उन्होंने पहले से ही उद्धार पा लिया है।

2. क्या आपको लगता है कि आप अपना उद्धार खो सकते हैं?

अलग-अलग विचार हैं, कुछ सोचते हैं कि हाँ, वे अपना उद्धार खो सकते हैं और दूसरे कहते हैं कि नहीं। यह विचार विद्यार्थियों को उनकी प्रतिक्रिया पर चर्चा करने के लिए है।

3. शाऊल अपने घोड़े पर सवार होकर दमिश्क शहर की ओर जाते समय क्या हुआ?

स्वर्ग से एक बहुत तेज़ रोशनी आई और अब वह अंधा होकर ज़मीन पर गिर पड़ा। परमेश्वर ने सीधे उससे बात की। (प्रेरितों के काम 9)

4. परमेश्वर ने दमिश्क के हनन्याह से क्या कहा?

परमेश्वर ने उसे शाऊल के लिए प्रार्थना करने के लिए कहा। उसने उसे शाऊल की चंगाई की आवश्यकता के बारे में बताया और उस घर के बारे में बताया जहाँ शाऊल ठहरा हुआ था।

5. हनन्याह ने परमेश्वर को क्या बताया? जब हम परमेश्वर से शिकायत करते हैं तो क्या होता है?

हनन्याह ने कहा, “मैंने शाऊल द्वारा मसीहियों को जो नुकसान पहुँचा है, उसके बारे में सुना है। उसके पास हमें कैद करने के लिए इस शहर में भी अधिकार है।” लेकिन हनन्याह के प्रति परमेश्वर ने धीरज रखा।

## खेल: रणनीति – पाठ 8

### खेल को खेलना



अगुवा होने के लिए एक विद्यार्थी को चुनें। खेल शुरू करने के लिए, विद्यार्थी कमरे में घूमना शुरू कर देते हैं। जब अगुवा कहता है, "यहाँ उद्धार है!" तो विद्यार्थी चलना बंद कर देते हैं, वे एक बार जहां होते हैं, वहां चारों ओर घूमते हैं, और वे जितना जल्दी हो सके उतना तेजी से बैठते हैं। जो विद्यार्थी सबसे पहले बैठता है उसे यीशु मसीह के बारे में कुछ कहना होगा और फिर अगुवे के रूप में उसकी बारी होती है। (यदि विजेता विद्यार्थी पहले से ही अगुवा बन चुका है, तो उसे एक अन्य विद्यार्थी चुनने दें, जो अगुवा बनने के लिए अभी तक जीता नहीं है)


## विकल्प


1. हर बार जब आप इसे खेलते हैं, तो आप विद्यार्थियों को दिए गए निर्देश को बदल सकते हैं। (उदाहरण के लिए, अपने सिर पर हाथ रखकर दो बार घूमें और बैठ जाएं, एक पैर से दो बार कूदें, सबसे पास वाली दीवार की तरफ दौड़ें, आदि)

2. यदि यह देखना बहुत कठिन होता है कि किस बच्चे ने जीत हासिल की है, तो अगुवे को चुनने के लिए अन्य जानकारी का इस्तेमाल किया जा सकता है – जैसे कि नीले रंग का कपड़ा पहना हुआ, सबसे छोटा विद्यार्थी, सबसे लंबा सरनाम वाला विद्यार्थी आदि।

3. अगुवा ताली बजाते हुए, या सीटी बजाते हुए भी चिल्ला सकता है "वहाँ उद्धार है", या आप संगीत का इस्तेमाल कर सकते हैं और इसे रोक सकते हैं।

## पहेली उत्तर - पाठ 1



| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| द | शि | स्व | स | द्र | अं | ध | द्य | श्र | उ | आं |
| झ | उ | ष्य | हु | आ | ह | खें | ट् | ल | न | खें |
| आ | त्मा | व्र | सा | म | र्थ | न | ऊ | क | द | ळ |
| खें | अ | उ | ऐ | ख | ज | शा | न्या | क | मि | व्र |
| हु | धा | ट | स्र | यी | क | औ | ए | ह | क | न |
| अं | द | न | क | शु | चु | ज | द | मि | श्क | ल |
| द | मि | या | श्क | घ | न | ने | अ | शि | प्र | स्व |
| ल | हु | ज | ह | उ | व | अ | हु | य | ह | र्ग |
| हा | श्क | क | ऊ | ऐ | द्धा | या | ज | ए | ज | क |
| ग | थ | शा | ऊ | ळ | व | र | क | ष्य | ढ | खें |

# पाठ 9

## शीर्षक - पाठ 9

आत्मा की तलवार

## बाइबल कहानी - पाठ 9


पतरस भीड़ से बात करता है

प्रेरितों 2:12-17, 22-30, 34-41

## पदक - पाठ 9


आज का उपस्थिति पदक:

प्रत्येक विद्यार्थी जिसने पिछले हफ़्ते "बूट शिविर" अमलीकरण किया था उसे यह "रिबन" मिलता है:




प्रत्येक विद्यार्थी, जिसने पिछले हफ़्ते प्रेरितों के काम पढ़ने के गृहकार्य को पूरा किया, उसे एक सितारा मिलता है।

प्रत्येक विद्यार्थी जो पिछले हफ़्ते की याद करने की आयत को बोल सकता है, उसे एक सितारा मिलता है।




## नाटक - पाठ 9

ड्यूटी गुदगुदी को कुछ व्यक्तिगत युद्ध के बारे में बताती है, जो उसे कुछ सलाह देती है। ड्यूटी गुदगुदी से पूछती है कि उसे यह विचार कहां से मिला। गुदगुदी अपने मोबाइल उपकरण को दिखाते हुए कहती है, कि यह सोशल मीडिया से आया है। तभी, कप्तान ईमानदार वहां आता है और उन्हें सावधान की मुद्रा में खड़े होने को कहता है, और उन्हें बाइबल पर निर्भर होने के लिए कहता है न कि सोशल मीडिया पर। सैनिक ड्यूटी और गुदगुदी बाइबल पढ़ना शुरू करते हैं, और उन दोनों को इससे एक तलवार मिलती है!

## याद करने की आयत - पाठ 9

"... और आत्मा की तलवार, जो परमेश्वर का वचन है।" इफिसियों 6: 17ब

## मुख्य पाठ - पाठ 9

**प्रेरितों 2:12-17, 22-30, 34-41**

आत्मा की तलवार कवच का वह पहला हिस्सा है जो वास्तव में एक हथियार है, बजाय एक आत्मरक्षा साधन के। इसका अर्थ है कि हम इसके साथ दुश्मन के विरुद्ध आक्रामण कर सकते हैं। "आत्मा की तलवार" परमेश्वर का वचन या बाइबल है। युद्ध में अपनी तलवार का इस्तेमाल करने में सक्षम होने के लिए, आपको पवित्रशास्त्र को जानना जरूरी होगा। इसका अर्थ है कि आपकी पूरी बाइबल को बार-बार पढ़ना और बाइबल की आयतों को याद करते रहना।

प्रेरितों के काम में से आज की सच्ची कहानी में पतरस पवित्रशास्त्र का इस्तेमाल करता है जब वह भीड़ को उपदेश देता है। वहां ऐसे लोग थे जो परमेश्वर पर विश्वास नहीं करते थे और उनका मजाक उड़ाना शुरू कर देते थे। पतरस उन लोगों से बात करने के लिए उठा, जो मजाक कर रहे थे; उसने उनसे केवल प्रचार नहीं किया, बल्कि युद्ध लड़ने के लिए पवित्रशास्त्र का इस्तेमाल किया। जब हमें आयतें याद होती है, तो हम जीवन में इसका इस्तेमाल कर सकते हैं जब हमें इसकी आवश्यकता होती है। उस दिन परमेश्वर के वचन से पतरस के प्रचार के कारण तीन हज़ार लोगों ने उद्धार पाया और कलीसिया से जुड़ गए! क्या ही बड़ी आशीष है! पतरस ने अपनी तलवार का इस्तेमाल कौशल के साथ

किया क्योंकि उसके पास अपनी विशिष्ट स्थिति के लिए उपयुक्त आयतें याद थी। उसने कुशलता के साथ शत्रु का मुकाबला किया और 3000 लोगों को प्रभु के लिए जीता! जितनी अधिक बाइबल आयतों को आप जानते हैं, आप अपनी तलवार से उतने ही बेहतर योद्धा होंगे। जब हमने वचन को पढ़ा और इसे याद किया है, तो परमेश्वर इसे हमारे मन में लाने में सक्षम है जब हमें इसकी आवश्यकता होती है। आप अपनी तलवार के साथ कैसे हैं?

## बूट शिविर - पाठ 9

### अमलीकरण – पाठ 9



कोई एक बाइबल आयत याद करें जो उस लड़ाई पर लागू होती है जिसे आप नियमित रूप से लड़ रहे हैं और इसे अगले हफ़्ते अपने शिक्षक को बताएं। आप अपने दिखावट, चीज़ों, अधिक चाह, आत्मिक सुरक्षा, या अपने भविष्य के बारे में आशंकाओं का अनुभव कर रहे होंगे।

### गृहकार्य (बड़े विद्यार्थी) – पाठ 9

प्रेरितों के काम 26-28 को पढ़िए

## पावरपॉइंट / निर्णय - पाठ 9

"मैं परमेश्वर के वचन को सीखने और इसे अपने दैनिक जीवन में इस्तेमाल करने का चुनाव करता हूं।"

## प्रश्न और उत्तर - पाठ 9

1. आप दुश्मन के विरुद्ध आक्रामक कब हो सकते हैं?
दूसरों के उद्धार के लिए प्रार्थना करने, बाइबल के वायदों की घोषणा करने, परमेश्वर की स्तुति करने के द्वारा आदि।
2. वास्तविक जीवन में आपकी तलवार से वार करने का एक उदाहरण क्या है?
उदाहरण: आप शैतान से एक झूठ सुनते हैं (कोई आपको कहता है कि आप बदसूरत हैं) और तुरंत आप बाइबल से एक आयत के बारे में सोचते हैं जहां यह कहता है कि आप परमेश्वर और उसकी सृष्टि में सबसे ख़ास हैं।
3. आत्मा की तलवार का दुरुपयोग कैसे होता है?
जब मसीही यह भूल जाते हैं कि दृढ़-विश्वास पवित्र आत्मा का कार्य है, और वे अन्य मसीहियों पर हमला करने के लिए बाइबल के आयतों का इस्तेमाल करते हैं। जब पवित्र आत्मा पाप का बोध कराता है, तो वह सामर्थ और शक्ति देता है और उसे प्रसन्न करने के लिए जीने में मदद करता है।
4. पेन्तेकुस्त के दिन यरूशलेम में पतरस ने जो कहा, उसके कारण कितने लोग मसीही बन गए?
लगभग 3,000
5. इन नए मसीहियों ने यह दिखाने के लिए क्या किया कि वे मसीह का अनुसरण करने जा रहे थे?
उन्होंने बपतिस्मा लिया।

## खेल: भेद - पाठ 9

### सामग्रियां



सूखी बर्फ के कुछ टुकड़े, डिस्पोजेबल प्लेटें

### खेल को खेलना


"आपको क्या लगता है कि अपने हाथों का इस्तेमाल किए बिना कमरे के दूसरी तरफ सूखी बर्फ को ले जाने का सबसे अच्छा तरीका क्या है? हर दिन हम चीजों को कहने और करने के सर्वोत्तम तरीके के बारे में निर्णय लेते हैं। परमेश्वर इन फैसलों में हमारी मदद करने का वादा करते हैं - आयतों को याद रखना। और उनका अभ्यास करना हमारी मदद करता है।"

1. अपने हाथों का इस्तेमाल किए बिना कमरे के दूसरी तरफ सूखी बर्फ को ले जाने के लिए अलग-अलग तरीके दिखाएं (या सहायकों को दिखाने के लिए कहें)... और प्लेट को सिर्फ एक पंखे के रूप में इस्तेमाल करें। (छोटे और तेज़ गतिविधियाँ या विशाल गतिविधियाँ आदि का इस्तेमाल करके)

2. विद्यार्थियों को 6 से अधिक समूहों में न रखें। समूह को खेलने के लिए एक तरफ पंक्तियों में रखा जाता है। प्रत्येक पंक्ति में पहले बच्चे को प्लेट और एक सूखी बर्फ का टुकड़ा दें।

3. जब शिक्षक कहता है, पहले पंक्ति के बच्चे सूखी बर्फ को अपने हाथों का इस्तेमाल किए बिना कमरे के दूसरी ओर ले जाना शुरू करते हैं। जब वे दूसरी तरफ की दीवार पर पहुंच जाते हैं, तो वे अपने हाथों से सूखी बर्फ को उठाते हैं, और वे अगले विद्यार्थी को प्लेट देने के लिए वापस भागते हैं।

## पहेली उत्तर - पाठ 9



| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| आ | न | प्र | ले | य | हू | दि | यों | ल़ | ह | न |
| य | हू | दि | यी | आ | रू | ह | व | रु | आ़ | त्मा |
| पु | जी | च | म | त्का | र | श | य | त्का | नं | हू |
| न | ह्व | शा | ल | श्व | ি? | जी | ले | ह्र | द | ग्र |
| रु | दि | ळ | मे | न | पृ | व | नं | म | स्थि | प |
| था | द | र | ग्र | त्का | पु | न | रु | था | ति | त |
| उ | [illegible] | स्थि | ति | रू | श | ले | म | ह्र | द | य |
| ति | ले | त | त्का | आ़ | शा | य | स्थि | नं | त | र |
| त | शा | क्र | र | ल़ | जी | ष | आ | त्मा | हू | स |
| व | य | रु | द | स | न | त्का | शा | ल़ृ | ल | य |

# पाठ 10


## शीर्षक - पाठ 10

निरंतर प्रार्थना करें

## बाइबल कहानी - पाठ 10

पतरस जेल से छूटता है
प्रेरितों के काम 12:1-19

## पदक - पाठ 10



आज का उपस्थिति पदक:


प्रत्येक विद्यार्थी जिसने पिछले हफ़्ते "बूट शिविर" अमलीकरण किया था उसे यह "रिबन" मिलता है:




प्रत्येक विद्यार्थी, जिसने पिछले हफ़्ते प्रेरितों के काम पढ़ने के गृहकार्य को पूरा किया, उसे एक सितारा मिलता है।

प्रत्येक विद्यार्थी जो पिछले हफ़्ते की याद करने की आयत को बोल सकता है, उसे एक सितारा मिलता है।

इस अंतिम हफ़्ते के लिए, प्रत्येक विद्यार्थी गृहकार्य करने और आज प्रार्थना करने का निर्णय लेकर 10वें गृहकार्य रिबन को कमा सकते हैं। यदि उन्होंने सभी 9 पढ़ने के गृहकार्य पूरे कर लिए हैं, तो वे अपना 10वां अध्ययन सितारा प्राप्त करते हैं। यदि वे आज की आयत के साथ सभी याद करने वाली आयतों को क्रम में बोल सकते हैं, तो वे अपने 10वें संस्मरण सितारे को प्राप्त करते हैं।




## नाटक - पाठ 10

कप्तान ईमानदार सैनिक गुदगुदी और ड्यूटी को वॉकी-टॉकी देता है। एक उन्नत प्रशिक्षण अभ्यास के बीच में, गुदगुदी और ड्यूटी एक गढ़हे में फंस जाते हैं। सैनिक ड्यूटी मदद मांगने के लिए वॉकी-टॉकी का इस्तेमाल करने का सुझाव देती है। गुदगुदी पहले तो मना कर देती है, और दावा करती है कि वे इसे अपने दम पर कर सकते हैं। थोड़ी देर बाद, वे वॉकी-टॉकी को बाहर निकालते हैं और परमेश्वर को पुकारते हैं। कप्तान ईमानदार अचानक वहां दिखाई देता है और दुश्मन को वहां से खदेड़ देता है।

## याद करने की आयत - पाठ 10

"आप लोग हर समय पवित्र आत्मा में सब प्रकार की प्रार्थना तथा निवेदन करते रहें। आप लोग जागते रहें और सब सन्तों के लिए लगन से निरन्तर प्रार्थना करते रहें।" इफिसियों 6:18


## मुख्य पाठ - पाठ 10

**प्रेरितों के काम 12:1-19**

प्रार्थना वह दूसरा हथियार है जिसे हम दुश्मन के विरुद्ध आक्रमण के लिए इस्तेमाल कर सकते हैं। और इसे सुरक्षा के लिए भी इस्तेमाल किया जा सकता है। प्रार्थना के साथ हम लड़ाई को लड़ सकते हैं, प्रभु से ज्ञान प्राप्त कर सकते हैं कि कैसे आगे बढ़ें, स्वर्गदूतों को हमारे लिए लड़ने के लिए स्वतंत्र कर सकते हैं, और बेहतर तरीके से समझ सकते हैं कि हम किसके विरोध में हैं।
आज की बाइबल कहानी में, हम पतरस को जेल में देखते हैं जबकि पूरी कलीसिया उसके लिए प्रार्थना कर रही थी। जब वे प्रार्थना कर रहे थे, तो परमेश्वर ने पतरस को आज़ाद करने के लिए एक स्वर्गदूत को जेल में भेजा! स्वर्गदूत उसे जेल से बाहर ले जाता है, गली से होते हुए और पतरस उस घर में लौट आता है जहां मसीह में उसके भाई और बहन प्रार्थना कर रहे थे। उन्होंने यहाँ तक कि उसके लिए दरवाजा भी नहीं खोला क्योंकि वे विश्वास नहीं कर पाए थे कि यह वास्तव में पतरस था! वे उसके छुटकारे के लिए प्रार्थना कर रहे थे, लेकिन यह देखकर हम हैरान है कि वास्तव में ऐसा ही हुआ! कई बार, आप और मैं प्रार्थना करते हैं, लेकिन काफी आश्चर्य होता है जब परमेश्वर हमारी प्रार्थना का उत्तर देते हैं और हमारी मदद करने के लिए आते हैं। वह हमसे प्रार्थना करने के लिए कहते हैं और हमारी मदद करने का वादा करते हैं। यह हथियार का एक हिस्सा है जिसे आपको प्रति दिन करना हैं यदि आप इसे रोज इस्तेमाल करना चाहते हैं। प्रार्थना से चीजें बदल जाती हैं! अपनी लड़ाई में लगातार प्रार्थना करें क्योंकि आज हमें यह पहले से कहीं ज्यादा लड़ाई में जरूरी है।

## बूट शिविर - पाठ 10

### अमलीकरण – पाठ 10



आदतों को वास्तविक बनने के लिए दिन में 21 बार दोहराना होता हैं। जब आप बिस्तर पर चढ़ते हैं तो हर शाम प्रार्थना करना शुरू करें। कोई बात नहीं यदि यह एक छोटी सरल प्रार्थना हो, लेकिन एक दिन भी इसे भूलना ठीक नहीं है। यदि आप एक दिन भूल जाते हैं, तो बिस्तर से बाहर निकलने से पहले अगली सुबह दो बार प्रार्थना करें। अपने बिस्तर को अपने प्रार्थना के स्थान में बदल दें। जब आप 21 दिनों की प्रार्थना में लगें तो खुद को पुरस्कृत करें।

### गृहकार्य (बड़े विद्यार्थी) – पाठ 10

इस हफ़्ते पढ़ने के कोई गृहकार्य नहीं है

## पावरपॉइंट / निर्णय - पाठ 10

"मैं हमेशा प्रार्थना करने का चुनाव करता हूं, यह याद करते हुए कि लड़ाई आत्मिक है।"

## प्रश्न और उत्तर - पाठ 10

1. प्रार्थना को "परमेश्वर के हथियार" में क्यों शामिल किया गया है?
प्रार्थना आपको या आपके दोस्तों को मजबूत कर सकती है, और प्रार्थना परमेश्वर और आपके दुश्मनों के मन को भी बदल सकती है।
2. दुश्मन के विरुद्ध बचाव के लिए प्रार्थना करना और दुश्मन पर हमला करने के लिए आक्रामक प्रार्थना का एक उदाहरण क्या है?
आत्मरक्षा: निवेदन जैसे कि साहसी होने के लिए प्रार्थना करना या मदद के लिए प्रार्थना करना। साथ ही, पहचानें कि एक झूठ या आपके विरुद्ध कोई निंदा इन आत्मिक शक्तियों द्वारा आप पर हमला है। यीशु मसीह के नाम पर उन्हें अस्वीकार करके उसका सामना करें।
आक्रमक: दूसरों के उद्धार के लिए प्रार्थना करना, मसीह को जानने और स्वीकार करने के लिए किसी एक शहर के लिए प्रार्थना करना, या आपके क्षेत्र में किसी एक मूर्ति या देवता के विरुद्ध प्रार्थना करना।
3. यदि परमेश्वर हर बात पर नियंत्रण रखता है, तो वह हमसे प्रार्थना करने के लिए क्यों कहते हैं जब वह पहले से जानते हैं कि क्या होने वाला है?
क्योंकि आप यह निर्धारित करने में मदद करते हैं कि क्या होगा। आपकी प्रार्थना आपके जीवन और आपके आस-पास के जीवन में अंतर लेकर आती है।
4. हमें इस्तेमाल करने के लिए दो आक्रामक हथियार कौन से हैं?
प्रार्थना और आत्मा की तलवार, जो परमेश्वर का वचन है।
5. जब मरियम के घर के दरवाज़े पर पतरस ने खटखटाया, तो दरवाजे पर कौन आयी?
रूदे, सेविका।

# खेल: चुपके - पाठ 10



## परिचय

हम प्रार्थना को आक्रमण और बचाव दोनों कार्यों में इस्तेमाल करते हैं। साथ ही, इस खेल में हमें कागजों को इकट्ठा करने के लिए आगे बढ़ना होगा, उसी समय अपनी खुद की पीठ का भी ध्यान रखना होगा।

## सामग्रियां

कागज (पत्र के आकार की शीट को 4 वर्गों में काटा जाता है - आपकी कक्षा में प्रत्येक विद्यार्थी के लिए एक चौथाई), भूरा टेप।

## खेल को खेलना

1. प्रत्येक विद्यार्थी की पीठ पर एक कागज़ का टुकड़ा लगाएं।
2. जब शिक्षक कहता है, तो विद्यार्थी अन्य विद्यार्थियों की पीठ से कागज को हथियाने की कोशिश करते हैं। विद्यार्थी अपने स्वयं के कागज़ को बनाए रखने के लिए नहीं छू सकते हैं। लेकिन उन्हें यह ध्यान रखने की कोशिश करनी चाहिए कि दूसरे उनके छोटे से कागज को चुरा नहीं रहे हैं।
3. जब किसी विद्यार्थी के कागज़ को कोई पकड़ लेता है, तो विद्यार्थी को उस विद्यार्थी को उसके द्वारा जमा किए गए सभी कागज़ देने होते हैं, और उसे शुरू करने के लिए दीवार की ओर वापस जाना पड़ता है।
4. खेल को तब तक जारी रखें जब तक कि सभी कागजों के साथ कोई एक विद्यार्थी बीच में खड़ा न हो जाए। कागजों को फिर से बाँट दें और फिर से खेल शुरू करें।

## विकल्प

कागज और टेप की बजाय, आप लंबे और पतले कपड़े के टुकड़े का इस्तेमाल कर सकते हैं, और विद्यार्थी उन्हें अपने बेल्ट में डालते हैं।

# पहेली उत्तर - पाठ 10

नीचे कुछ विचार हैं। अलग अलग उत्तर स्वीकार करें।
प्रार्थना करें: परिवार, भोजन, कलीसिया, बीमारी, ज्ञान।
उदाहरण प्रार्थना: जीवन के एक और दिन और मेरे पूरे परिवार के लिए पिता परमेश्वर आपका धन्यवाद। कृपया मेरे पिताजी की मदद करें। आमीन। (अलग अलग उत्तर स्वीकार करें।)
वे चीज़ें जो प्रार्थना करना कठिन बनाता है: मुझे नींद आ जाती है, दोस्तों के साथ व्यस्त रहना, देर से जागना, गृहकार्य और अन्य काम करना होता है।




| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| जं | य | जं | ल | मे | ज़ा | स्व | र् | द | त | प |
| य | दू | क | जी | र्श | ना | हे | रो | दे | रा | ज़ा |
| रा | जा | हू | ली | [illegible] | प्रा | र्थ | क | प | वा | क |
| ज़ा | सै | नि | क | सि | ह | हू | ब्र | [illegible] | त | दू |
| प | र | ना | दू | प्र | [illegible] | की | द | मे | रा | र |
| द | र्थ | य | आ | दि | दृ | व्र | ओ | श्व | य | व्र |
| प्रा | ज़ा | ष | [illegible] | ब्र | ह | प | [illegible] | [illegible] | [illegible] | ज़ा |
| द | ली | य | | दी | व | दू | ह | दे | र | वा |
| स | र्शं | क | ह | यि | र्गं | श | रो | क | जे | य |
| प | र | न | श्व | स्व | र | हे | रा | दे | ल | स |



# मेरी कक्षा चार्ट

## पदक और विशिष्टताएं

| | पाठ 1 | पाठ 2 | पाठ 3 | पाठ 4 | पाठ 5 | पाठ 6 | पाठ 7 | पाठ 8 | पाठ 9 | पाठ 10 | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| विद्यार्थी: | | | | | | | | | | | उपस्थिति |
| | | | | | | | | | | | पढ़ना |
| | | | | | | | | | | | याद करना |
| | | | | | | | | | | | गृहकार्य |
| विद्यार्थी: | | | | | | | | | | | उपस्थिति |
| | | | | | | | | | | | पढ़ना |
| | | | | | | | | | | | याद करना |
| | | | | | | | | | | | गृहकार्य |
| विद्यार्थी: | | | | | | | | | | | उपस्थिति |
| | | | | | | | | | | | पढ़ना |
| | | | | | | | | | | | याद करना |
| | | | | | | | | | | | गृहकार्य |
| विद्यार्थी: | | | | | | | | | | | उपस्थिति |
| | | | | | | | | | | | पढ़ना |
| | | | | | | | | | | | याद करना |
| | | | | | | | | | | | गृहकार्य |
| विद्यार्थी: | | | | | | | | | | | उपस्थिति |
| | | | | | | | | | | | पढ़ना |
| | | | | | | | | | | | याद करना |
| | | | | | | | | | | | गृहकार्य |
| विद्यार्थी: | | | | | | | | | | | उपस्थिति |
| | | | | | | | | | | | पढ़ना |
| | | | | | | | | | | | याद करना |
| | | | | | | | | | | | गृहकार्य |
| विद्यार्थी: | | | | | | | | | | | उपस्थिति |
| | | | | | | | | | | | पढ़ना |
| | | | | | | | | | | | याद करना |
| | | | | | | | | | | | गृहकार्य |
| विद्यार्थी: | | | | | | | | | | | उपस्थिति |
| | | | | | | | | | | | पढ़ना |
| | | | | | | | | | | | याद करना |
| | | | | | | | | | | | गृहकार्य |
| विद्यार्थी: | | | | | | | | | | | उपस्थिति |
| | | | | | | | | | | | पढ़ना |
| | | | | | | | | | | | याद करना |
| | | | | | | | | | | | गृहकार्य |
| विद्यार्थी: | | | | | | | | | | | उपस्थिति |
| | | | | | | | | | | | पढ़ना |
| | | | | | | | | | | | याद करना |
| | | | | | | | | | | | गृहकार्य |

यदि आपके पास से अधिक विद्यार्थी हैं 10, तो इस पृष्ठ की फोटोकॉपी लें।